

अब हर रोज दर्पण ⏩ 3

# स्वतंत्र मत

मौसम
अधिकतम तापमान 40.4°C
न्यूनतम तापमान 27.0°C
सूर्योदय -5.25 | सूर्यास्त - 6.58

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



कमिश्नर ने शहडोल संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से ⏩ 2



गोविंदा के बालों का खुला राज! पत्नी बोलीं- हां, ⏩ 7



कटनी में विभिन ट्रेनों के स्टॉपेज के संबंध में सांसद ⏩ 9

# अस्पताल चलाने वाले ट्रस्टों को मिलेगी जमीन

## मोहन कैबिनेट की बैठक में लिये गए कई अहम फैसले

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिये गए। कैबिनेट बैठक में अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर अहम चर्चा हुई। सरकार ने ऐसे ट्रस्टों को जमीन उपलब्ध कराने की दिशा में कदम बढ़ाने का फैसला किया है, जो अस्पतालों का संचालन करने में सक्षम हैं। इसके लिए पांच मंत्रियों की एक समिति गठित की जाएगी। यह समिति तय करेगी कि ट्रस्टों को जमीन अलॉट करने के लिए क्या मानदंड होंगे और इस संबंध में अन्य सुझाव भी सरकार को देगी। समिति की सिफारिशों के आधार पर स्वास्थ्य अधोसंरचना को बढ़ाने के लिए आगे निर्णय लिया जाएगा। बैठक के बाद मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर किसानों की जमीन अधिगृहीत करने का काम भी किया जा सकता है। दूसरी ओर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि इस निर्णय पर अभी विचार किया जाना है, इसलिए वे इस संबंध में अधिक जानकारी नहीं दे सकते। इसे ऐसे समझ सकते हैं कि, अगर कोई परोपकारी या समाजसेवी संस्था प्रदेश के किसी जिले में अस्पताल खोलने की इच्छा जताती है तो सरकार उसे न सिर्फ जमीन उपलब्ध कराएगी, बल्कि अस्पताल में लगने वाली मशीनों और अन्य उपकरणों की खरीद के लिए प्रोत्साहन राशि यानी इंसेंटिव भी देगी। सरकार का दावा है कि इससे एमबीबीएस डॉक्टर तैयार होंगे और मेडिकल सेवा का विस्तार होगा। मरीज का पलायन रुकेगा और हर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी। इस योजना के तहत सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की सुविधा देने का काम किया जाएगा। इस योजना का नाम मध्य प्रदेश परोपकारी संस्थाओं के लिए मेगा स्वास्थ्य अव संरचना प्रोत्साहन नीति 2026 रखा गया है। बैठक में रीवा, देवास और गुना के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को निजी केंद्रों के रूप में विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया है।



### तबादला अवधि में 24 घंटे की अतिरिक्त राहत

कैबिनेट बैठक में सरकार ने तबादला अवधि में 24 घंटे की अतिरिक्त राहत देते हुए इसकी समय-सीमा रात 12 बजे तक बढ़ा दी है। गौरतलब है कि 20 मई को हुई कैबिनेट बैठक में तबादला नीति को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने 22 मई को आदेश जारी कर सभी विभागों को 15 जून तक तबादले करने के निर्देश दिए थे। अब सरकार ने एक दिन का अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया है। कैबिनेट बैठक के शुरू होते ही ज्यादातर मंत्रियों ने सीएम से कहा- ट्रांसफर के लिए समय बढ़ा दिया जाए, क्योंकि कई आदेश पाइपलाइन में हैं। उन पर हस्ताक्षर नहीं हो पाए हैं। थोड़ा और समय मिल जाएगा।

### स्वास्थ्य अधोसंरचना प्रोत्साहन नीति मंजूर

**मोहन कैबिनेट ने स्वास्थ्य अधोसंरचना प्रोत्साहन नीति-2026 को मंजूरी दे दी है। नीति का उद्देश्य प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना और अस्पतालों तथा डायग्नोस्टिक केंद्रों को प्रोत्साहन देना है। इसके तहत स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत परोपकारी, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा संचालित अस्पतालों एवं डायग्नोस्टिक केंद्रों को विशेष सहायता प्रदान की जाएगी। नीति के अनुसार, इन संस्थाओं को बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक उपकरणों की खरीद और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस योजना के कार्यान्वयन और आवश्यक मानदंड तय करने के लिए पांच कैबिनेट मंत्रियों की एक समिति गठित की गई है, जो सरकार को अपनी सिफारिशें सौंपेगी।**

### मेट्रो रेल परियोजना की लागत बढ़ी

मोहन कैबिनेट ने इंदौर मेट्रो रेल परियोजना की संशोधित लागत को मंजूरी दे दी है। परियोजना की अनुमानित लागत पहले करीब 7,500 करोड़ रुपए तय की गई थी, जिसे बढ़ाकर अब 12,900 करोड़ रुपए कर दिया गया है। बढ़ती लागत और परियोजना की जरूरतों को देखते हुए संशोधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा कैबिनेट ने विभिन्न विभागों की करीब 24 हजार करोड़ रुपए लागत वाली योजनाओं को निरंतर जारी रखने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी है। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों की गति बनाए रखी जाएगी।



# नीट री-एग्जाम तक टेलीग्राम पर रोक

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने नीट की दोबारा परीक्षा को लेकर भारत में टेलीग्राम मैसेजिंग एप के इस्तेमाल पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। एनटीए ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69 के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है। नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे। एनटीए के मुताबिक कुछ लोग टेलीग्राम का इस्तेमाल परीक्षाओं में पेपर लीक होने के फर्जी सबूत बनाने के लिए करते रहे हैं। ऐसे मामलों को रोकने और परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। एनटीए की प्रेस रिलीज में कहा गया है कि इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने कई टेलीग्राम चैनल, ग्रुप और बॉट्स को हटवाया है। ये प्लेटफॉर्म नीट उम्मीदवारों को गुमराह करने और पेपर लीक का दावा करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। पिछले कुछ हफ्तों में टेलीग्राम पर पेपर लीक्ड नीट, रि-नीट 2026 और नीट माफिया जैसे नामों वाले चैनल चल रहे थे। ये उम्मीदवारों और उनके परिवारों से लाखों रुपए तक मांग रहे थे। एनटीए ने स्पष्ट किया कि ऐसे सभी दावे फर्जी हैं। टेलीग्राम का एडिट फीचर पुराने संदेशों में बाद में फाइल जोड़ने की इजाजत देता है। इसी वजह से एडिट फीचर बंद कराया गया है।

**22 जून तक काम नहीं करेगा एप, मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद**

## चुनावी हार के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचीं ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजे को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने कोर्ट से चुनाव परिणाम की वैधता की जांच करने की मांग की है। ममता मंगलवार को खुद याचिका दाखिल करने हाईकोर्ट पहुंचीं। उन्होंने याचिका में कहा कि चुनाव गलत तरीके से हुआ है। 12 राउंड की काउंटिंग के बाद इलेक्शन एजेंट और मुझे पीटा गया और बाहर कर दिया गया। भवानीपुर सीट पर भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को 15,105 वोटों से हराया था।

## लैंडमाइन फटने से चार सैनिक घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास हुए एक धमाके में सेना के 4 जवान घायल हो गए, जिनमें एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर भी शामिल है। यह धमाका नौशेरा सेक्टर के कलाल इलाके में सेना के जवानों की पेट्रोलिंग के दौरान गलती से लैंडमाइन एक्टिवेट होने की वजह से हुआ। धमाके में एक जेसीओ और तीन सैनिक घायल हुए और उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## एयरफोर्स अफसर की पत्नी से दुराचार

**नागपुर।** नागपुर में भारतीय वायुसेना के एक अफसर की 24 साल की पत्नी से रेप, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्मांतरण के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले का मुख्य आरोपी अयाज ताज मदारे पीड़ित के साथ स्कूल में एक ही क्लास में पढ़ता था। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी अयाज महिला के हाथ पकड़कर कुछ पढ़ रहा है। महिला कहती है, 'तुम्हें लड़ने की बहुत आदत है ना, हाथ छोड़ो ना... छोड़ो।

# अब डॉक्टर की पर्ची पर ही मिलेगा कफ सिरप

## मप्र में दूषित सिरप से 26 बच्चों की हुई थी मौत

नई दिल्ली



कफ सिरप अब बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के नहीं खरीदे जा सकेंगे। केंद्र सरकार ने ड्रग्स नियमों में बदलाव किया है। इसके तहत सिरप को अब उस लिस्ट से हटा दिया गया है, जिसमें दवाएं सीधे दुकान से खरीदी जा सकती हैं। सरकार का कहना है कि इससे सिरप आधारित दवाओं पर निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण मजबूत होगा। साथ ही सिरप निर्माता और विक्रेता को लाइसेंसिंग और क्वालिटी कंट्रोल से जुड़े सख्त नियमों का पालन करना ही होगा। मध्य प्रदेश में अक्टूबर 2025 में दूषित सिरप से 26 बच्चों की मौत हो गई थी। नई व्यवस्था के तहत ड्रग्स रूल्स, 1945 की अनुसूची 'के' में बदलाव किया गया है। इस अनुसूची में उन दवाओं को रखा गया था, जिन्हें कुछ नियमों में छूट दी गई थी। अब इस सूची से सिरप को हटा लिया गया है। मंत्रालय के मुताबिक, पहले अनुसूची 'के' के तहत 1,000 से कम आबादी वाले गांवों में कफ सिरप की बिक्री के लिए कुछ रिटेल लाइसेंसिंग प्रावधानों से छूट थी। नए संशोधन के बाद यह छूट नहीं रहेगी। ऐसे गांवों में भी कफ सिरप केवल विधिवत लाइसेंस प्राप्त दवा दुकानों से ही बेचा जा सकेगा। मंत्रालय ने बताया कि इस बदलाव से पहले 29 दिसंबर 2025 को मसौदा अधिसूचना जारी कर आम लोगों और संबंधित पक्षों से सुझाव और आपत्तियां मांगी गई थीं। सरकार ने कहा कि नियमों में संशोधन से पहले देश की सर्वोच्च वैधानिक तकनीकी सलाहकार संस्था से परामर्श किया गया था। केंद्र सरकार ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 12 और 33 के तहत प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए यह बदलाव किया था। ड्रग्स रूल्स, 1945, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत बनाए गए हैं। ये नियम भारत में दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण को नियंत्रित करते हैं।

### नया नियम इसलिए अहम

एक्सपर्ट्स का कहना है कि सिरप आधारित दवाओं में लिक्विड, फ्लेवरिंग एजेंट और अन्य केमिकल्स का इस्तेमाल होता है। ऐसे में इनके निर्माण और भंडारण में छोटी गलती भी गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है। सिरप को अनुसूची 'के' की छूट वाली सूची से बाहर करना सरकार की उसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# युवाओं का सपना तोड़ रही है मोदी सरकार: राहुल

नई दिल्ली (वार्ता)



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के हर युवा का भविष्य सुरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन मोदी सरकार पेपर लीक, परीक्षा कुप्रबंधन, रद्द होती भर्तियों, बढ़ती फीस, निजीकरण और घोटालों के जरिए करोड़ों युवाओं के सपनों को तोड़ रही है। श्री गांधी ने मंगलवार को युवाओं और विशेषकर जेन-जी पीढ़ी के नाम जारी संदेश में कहा कि युवाओं का भविष्य ही देश का भविष्य तय करेगा और इसी मुद्दे पर वह राजस्थान के कोटा में आयोजित होने वाली छात्रों की गूंज महारैली में विस्तार से अपनी बात रखेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि देश की हर गली, कस्बे और शहर से उठ रही छात्रों की गूंज को कोटा में एक मजबूत हुंकार में बदलें। उन्होंने कहा कि 17 जून को आयोजित होने वाली इस महारैली में युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## अल-नीनो से निपटने हर हफ्ते होगी बैठक: शिवराज

**नई दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश के जिन राज्यों में अल-नीनो का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक पड़ सकता है, वहां के चिह्नित जिलों के जिला अधिकारियों, कृषि विभाग, केवीके और अन्य विस्तार तंत्र के साथ समन्वित बैठकें आयोजित की जायें। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में जिला स्तर पर पूरी स्थिति स्पष्ट कर किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाये, ताकि हर किसान को यह पता रहे कि उसके क्षेत्र के लिए कौन-सी सावधानियां और कौन-से फसल विकल्प अधिक सुरक्षित हैं। वह यहां उच्च स्तरीय साप्ताहिक कृषि समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

# ईडी ने 11 ठिकानों पर की छापेमारी

नई दिल्ली (वार्ता)

प्रवर्तन निदेशालय ने 155.21 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कई लोगों के11 ठिकानों पर छापेमारी की है। एजेंसी इस मामले से जुड़े अशोक मित्तल, सौरभ ढींगरा, भारत भूषण मित्तल, रमन सिंघल और अन्य के करनाल, दिल्ली तथा गोवा स्थित 11 ठिकानों पर यह तलाशी अभियान चला रही है। ईडी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड, उसके निदेशकों और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई एक प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम में यह जांच शुरू की थी। यह पूरा मामला फिनेकल बैंकिंग सिस्टम में बिना कोई एंट्री किए, अनधिकृत स्विफ्ट संशोधनों के जरिए फॉरेन लेटर्स ऑफ क्रेडिट को धोखाधड़ी से बढ़ाने से जुड़ा है। आरोप है कि इस हेरफेर की वजह से ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और अन्य बैंकों के समूह को 155.21 करोड़ रुपये का गलत तरीके से भारी नुकसान उठाना पड़ा।



# 16 महीने बाद ट्रम्प से मिले मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 समिट के दौरान मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बात चली। मीटिंग में दोनों एक-साथ बैठे नजर आए। यह मुलाकात 16 महीनों के बाद हुई है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति जी-7 आउटरीच सेशन में भी साथ-साथ बैठे नजर आए। इससे पहले दोनों की आखिरी मुलाकात फरवरी 2025 में व्हाइट हाउस में हुई थी। दोनों नेता 17 जून की शाम 6.30 बजे ट्रेड डील पर चर्चा कर सकते हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जी-7 समिट के लिए मंगलवार दोपहर एवियन पहुंचने पर मोदी का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्वागत किया। त-7 के देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान मोदी ट्रम्प, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से बातचीत करते दिखाई दिए। पार्टनर देश के तौर पर शिखर सम्मेलन में भारत की 13वीं मौजूदगी है। साथ ही यह 7वीं बार है जब प्रधानमंत्री इस ग्लोबल फोरम में हिस्सा ले रहे हैं।

### जुम्मे के रोज खोल दिया जायेगा होर्मुज-स्ट्रेट

# 'खीज में इस्रायल...नफे में ईरान'



डॉ. सुधीर सक्सेना

15 जून की शाम पेरिस में मौजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस तथा तेहरान में ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर गालीबफ ने पिछले करीब साढ़े तीन माह से इस्रायल-अमेरिका और ईरान के दरम्यां जारी जंग के खात्मे की डील के डेढ़ पेजी आशय-पत्र पर इलेक्ट्रॉनिक-हस्ताक्षर क्या किये, भीषण युद्ध से चिंतित और दहले हुये जी-7 के मेंबर-मुल्कों समेत सारी दुनिया ने राहत की सांस ली। वेंस के मुताबिक दोनों देश जुम्मे के रोज यानि 19 जून को जेनेवा में अमन के लिये सुलहनामे पर दस्तखत करेंगे और उसी रोज होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक नौवहन के लिये खोल दिया जायेगा। समझा जाता है कि ट्रंप जुम्मे के पहले ही संधि का मजमून जारी कर देंगे, अलबत्ता अपनी सदाशयता का परिचय देते हुए उन्होंने ईरान की नौसैनिक नाकेबंदी को तत्काल उठाने का आदेश जारी कर दिया। पारस्परिक सहमति के अनुरूप दोनों देश 60 दिनों की युद्धविराम की अवधि में विस्तृत ब्यौरे को तैयार करेंगे, ताकि क्षेत्र में स्थायी शांति कायम हो सके। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघाची के मुताबिक अंतिम शांति समझौते के लिये दोनों देशों के मध्य औपचारिक वार्ता भी शुक्रवार को ही प्रारंभ हो जायेगी। अमेरिका और ईरान के बीच संधि की प्राथमिक शर्तों को देखें तो अमेरिका घुटने टेकने और पांव पीछे खींचने को बाध्य हुआ है।



28 फरवरी को मिली सफलता के बाद कुछ भी उसकी मंशा के अनुरूप नहीं हुआ। न तो तेहरान में तख्ता पलट हुआ और न ही वह सामरिक मोर्चे पर ईरान को शिकस्त दे सका। उलटे ईरान ने गजब के युद्ध कौशल और व्यूह-रचना का परिचय दिया। अपनी जांबाजी का परिचय देते हुये उसने इस्रायल-अमेरिका की शक्तिशाली धुरी का बखूबी सामना किया और उन्हें नाकों चने चबा दिये। उसने होर्मुज का इस्तेमाल कारगर हथियार के तौर पर किया और सारी दुनिया को हैरत और सांसत में डाल दिया। लड़ाई और लंबी खिंचती तो ईरान का मोर्चा अमेरिका के लिये दूसरा वियेतनाम या अफगानिस्तान साबित हो सकता था। ट्रंप की देश के भीतर और बाहर भद्द पिटी। यही वजह है कि ईरान के उप प्रधानमंत्री काजिम गरीबाबादी ने जहां सुलह को ईरान की फतह बताया है, वहीं सेना प्रमुख खातम अल अन्बिया के मुताबिक अमेरिका के सामने हार और समर्पण से बचने के लिये संधि के सिवाय कोई चारा न था।

### क्या मान रहा इस्रायल

ईरानी विदेश मंत्री अराघाची मानते हैं कि उभयपक्षीय समझौते में एक पक्ष अमेरिका-इस्रायल है और दूसरा पक्ष ईरान-हिजबुल्लाह, लेकिन इस्रायल ऐसा नहीं मानता। मध्यस्थ-पाकिस्तान के पीएम शहवाज शरीफ युद्ध विराम के दायरे में लेबनान के शामिल होने की बात कहते हैं, लेकिन बीवी (नेतन्याहू) इससे भी असहमत हैं। दरअस्ल इस्रायल इस सुलह से खीजा हुआ है और इसका परिचय उसने सोमवार की ही शाम दक्षिण लेबनान में बमबारी करके तथा हिजबुल्लाह के खात्मे का संकल्प दोहरा कर दिया है।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
बुधवार 17 जून 2026



# विद्यार्थियों ने थाने का शैक्षणिक भ्रमण कर समझी पुलिस की कार्यप्रणाली



## हितकारिणी लॉ कालेज के विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक साबित हुआ भ्रमण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी लॉ कॉलेज के एलएलबी अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु पाठ्यक्रम के अंतर्गत व्यावहारिक विधिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस थाना भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को ओमती थाना का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली, प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने की प्रक्रिया, अपराधों की विवेचना, गिरफ्तारी एवं जमानत से संबंधित प्रावधानों, केस डायरी संधारण तथा आमजन को उपलब्ध कराई जाने वाली पुलिस सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने थाना परिसर का अवलोकन करते हुए विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली को निकट से समझा तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। यह शैक्षणिक भ्रमण सहायक प्राध्यापक राजेश सेन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### कार्यप्रणाली से हुए परिचित

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक प्राध्यापक अभिषेक नेमा का विशेष सहयोग रहा। तीनों शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पुलिस तंत्र की व्यावहारिक कार्यप्रणाली, विधिक प्रक्रियाओं के महत्व तथा भावी अधिवक्ताओं के रूप में ऐसी गतिविधियों से प्राप्त होने वाले अनुभवों की उपयोगिता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को विधि के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ न्याय व्यवस्था एवं कानून प्रवर्तन संस्थाओं की व्यावहारिक कार्यप्रणाली से परिचित कराना है, जिससे उनमें विधिक समझ और पेशेवर दक्षता का विकास हो सके। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताते हुए ओमती थाना पुलिस प्रशासन एवं महाविद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा व्यवहारिक विधिक प्रशिक्षण के लिए भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।





# बारिश ने किया किनारा फिर से बढ़ने लगा पारा

## चिलचिलाती धूप में बेहाल हुए आमजन, शाम को अंधड़ ने मचाया गदर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सोमवार को बादलों की लुकाछिपी के बाद मंगलवार को संस्कारधानी के मौसम ने तीखे तेवर अख्तियार कर लिए। हफ्ते के दूसरे दिन आसमान से बादल पूरी तरह नदारद रहे, जिससे सुबह से ही चिलचिलाती धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन चढ़ने के साथ ही धूप की तपिश इतनी बढ़ गई कि लोग सड़कों पर निकलने से कतराते नजर आए। पूरे दिन शहरवासी बादलों की एक कतरन और जरा सी छांव के लिए तरसते रहे, सूरज की सीधी किरणों और हवा में मौजूद भारी नमी के कारण दिनभर शहर का मौसम किसी हॉट चैंबर जैसा बना रहा। इस दौरान तापमान में भी पिछले दिनों की तुलना में इजाफा हुआ और अधिकतम तापमान 40.4 वहीं न्यूनतम तापमान 27.0 दर्ज किया गया।

### शाम को अचानक बदला मौसम का मिजाज

दिनभर भीषण गर्मी और भीषण उमस में घरों के कूलर ठंडी हवा देने के बजाय गर्म हवा फेंक रहे थे। पर दिन भर गर्मी झेलने के बाद, शाम ढलते ही मौसम ने अचानक करवट बदली। तेज धूप शांत हुई और शहर के कुछ हिस्सों में तेज रफ्तार से धूलभरी आंधी और हलकी बारिश देखने मिली।

अचानक चली इस तेज आंधी के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को थोड़ी परेशानी जरूर हुई, और कुछ इलाकों में पेड़ों की टहनियां गिरने से बिजली की आवाजाही भी प्रभावित हुई। हालांकि, इस आंधी ने दिनभर की भारी उमस को थोड़ा कम करने का काम किया।

फोटो : अनिल तिवारी

# क्रिकेट प्रैक्टिस नेट और बास्केटबॉल कोर्ट का हुआ उद्घाटन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ) के विद्यानगर मैदान में आज कर्मचारियों के खेल एवं शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए क्रिकेट प्रैक्टिस नेट एवं बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीसीएफ के मुख्य महाप्रबंधक ऋतुराज द्विवेदी ने की। इस अवसर पर स्पोर्ट्स ऑफिसर उदयवीर के सौजन्य एवं विशेष सहयोग से निर्मित इन खेल सुविधाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए मजदूर संघ हथौड़ा समर्थित कार्य समिति द्वारा इस विषय को लगातार प्रबंधन के समक्ष उठाया गया, जिसके सकारात्मक परिणामस्वरूप आज इन सुविधाओं का उद्घाटन संभव हो सका। मुख्य महाप्रबंधक श्री द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल गतिविधियां कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन सुविधाओं के उपलब्ध होने से कर्मचारियों एवं उनके परिवारों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा।

मजदूर संघ हथौड़ा समर्थित कार्य समिति ने इस कार्य के लिए प्रबंधन एवं स्पोर्ट्स विभाग का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक राहुल चौधरी महाप्रबंधक श्रीवास्तव स्पोर्ट्स सेक्रेटरी कुलवीर पांडे के साथ यूनियन के पदाधिकारी के साथ अमित शर्मा, अजय पांडे, अमित उपाध्याय, मिथुन, सुनील सिंह, वैभव आदि शामिल रहे।

## डीजल के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अवैध रूप से डीजल बेचैन खड़े एक युवक को पुलिस द्वारा पकड़ा गया प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे को सूचना मिली कि ग्राम मानेगांव में वेयर हाउस के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ डीजल लिये ग्राहकों को विक्रय करने का इंतजार कर रहा है, दबिश देने पर मानेगांव धाधरा रोड में वेयर हाउस के पास आरोपी 32 वर्षीय अनिल पटेल निवासी वेयर हाउस के पास मानेगांव बरगी को प्लास्टिक के 30 लीटर वाले 6 डिब्बे रखे खड़ा था। प्लास्टिक के डिब्बों को चैक करने पर कुल 180 लीटर डीजल कीमत 18 हजार रूपये का होना पाया गया जिसे जब्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही की गई।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर जिनसार के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च (जिनसार ) द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर विक्टोरिया अस्पताल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं रक्तदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की प्राचार्या प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन एवं जिला जबलपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी की अनुमति एवं सहयोग से संपन्न हुआ। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस की थीम स्वैच्छिक रक्तदान को सामान्य बनाना रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व से अवगत कराना, रक्तदान से जुड़े भ्रम एवं मिथकों को दूर करना तथा लोगों को नियमित रक्तदाता बनने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत रक्तदान के महत्व, सुरक्षित रक्त की उपलब्धता तथा मानव जीवन में रक्तदान की भूमिका पर आधारित जागरूकता सत्र से हुई। इसके पश्चात बी.एससी. नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा विक्टोरिया अस्पताल परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में एक जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में बैनर, पोस्टर एवं जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां लेकर रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाने का कार्य किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने मरीजों, उनके परिजनों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व को समझाया। विद्यार्थियों द्वारा प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया।

# समरसता सेवा संगठन ने जारी की नवीन कार्ययोजना की घोषणा



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** समाज को एकजुट करने और वसुधैव कुटुंबकम के वैश्विक भाव को साकार करने के ध्येय के साथ काम कर रहे समरसता सेवा संगठन ने वर्ष 2026-27 के लिए अपनी नवीन कार्ययोजना की घोषणा की है। इस दौरान पवन पांडे, मनोज सेठ और उज्जवल पचौरी ने बताया कि निवृत्तमान अध्यक्ष संदीप जैन के मार्गदर्शन में तैयार इस वर्ष के कैलेंडर में पारंपरिक भव्यता के साथ-साथ मानव सेवा और संगठन विस्तार के कई नए आयाम जोड़े गए हैं। जून 2026 से लेकर मई 2027 तक चलने वाले इन आयोजनों के माध्यम से सर्वजाति समाज को समरसता के सूत्र में पिरोया जाएगा।

## एमपीपीएससी परीक्षा में चयनित हुए आयुष तिवारी



**सिहोरा (स्वतंत्र मत) ।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र आयूष तिवारी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 4वीं रैंक हांसिल कर असिस्टेंट प्रोफेसर भूगर्भशास्त्र के पद पर चयनित होकर सिहोरा तहसील को गौरवान्वित किया । वह ज्वालामुखी वार्ड क्रमांक दो निवासी नगर पालिका परिषद सिहोरा के उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, रीता तिवारी के पुत्र है। आयूष ने परिवार के साथ ब्राह्मण समाज सिहोरा को भी गौरवान्वित किया है।

# 105 एनसीसी कैडेट्स को ट्रेन में बैठाने रेलवे ने किए विशेष इंतजाम



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मंगलवार सुबह अमरकंटक एक्सप्रेस से जबलपुर पहुंचे एनसीसी के करीब 105 कैडेट्स को अहमदाबाद जाने के लिए तत्काल ट्रेन की आवश्यकता थी। कैडेट्स के साथ मौजूद लेफ्टिनेंट कर्नल जेआर जडेजा ने सुबह करीब 5 बजे स्टेशन प्रबंधन से संपर्क कर विशेष सहयोग का अनुरोध किया, जिसके बाद रेलवे की टीम तुरंत एक्शन में आ गई। लेफ्टिनेंट कर्नल जडेजा द्वारा संपर्क किए जाने पर ड्यूटी पर तैनात उप स्टेशन प्रबंधक ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। शुरुआती जांच में पता चला कि किसी भी श्रेणी में इतनी बड़ी संख्या में सीटें खाली नहीं थीं, और अलग से पूरा कोच लगाने के लिए पहले से बुकिंग प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य था। समय की कमी और बच्चों के एनसीसी प्रशिक्षण शिविर की गंभीरता को देखते हुए रेलवे ने तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था तलाशनी शुरू की। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के निर्देश पर वाणिज्य विभाग और रेलवे सुरक्षा बल ने आपस में तालमेल स्थापित किया। मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक संजय जायसवाल की मदद से बेहद कम समय के भीतर सभी 105 एनसीसी कैडेट्स को गाड़ी संख्या 11464 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस के इंजन से जुड़े सामान्य श्रेणी के कोच में सुरक्षित और पूरी तरह व्यवस्थित तरीके से सवार कराया गया। आरपीएफ की मौजूदगी के कारण बच्चों को बिना किसी धक्का-मुक्की और असुविधा के सीट मिल सकी। रेलवे की इस त्वरित और मानवीय कार्रवाई से प्रभावित होकर लेफ्टिनेंट कर्नल जेआर जडेजा ने भारतीय रेलवे और विशेष रूप से जबलपुर रेल मंडल के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने संकट के समय रेल अधिकारियों द्वारा दिखाए गए संवेदनशील दृष्टिकोण और प्रभावी समन्वय की जमकर सराहना की।

# जनसंपर्क अभियान में आमजनों से मिले सांसद दुबे



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन, जनविश्वास और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सांसद आशीष दुबे के नेतृत्व में पौधारोपण, जनचौपाल, व्यापारियों से संवाद और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस मंडल एवं तिलक मंडल के विभिन्न वार्डों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृहद पौधारोपण किया गया, तथा विकास पथ यात्रा के दौरान संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। अधारताल नगर निगम मार्केट पहुंचकर सांसद ने स्थानीय व्यापारियों और व्यवसायियों से मुलाकात की इस दौरान अंचल सोनकर, जीएस ठाकुर, रंजीत पटेल, राजेश मिश्रा, विवेक राम सोनकर और अमित राय मौजूद रहे।



# वार्षिकोत्सव में विभिन्न संस्थाओं का हुआ सम्मान पुस्तक विमोचन, काव्य गोष्ठी का भी हुआ आयोजन

**सिहोरा (स्वतंत्र मत) ।** नगर की साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति ने अपने वार्षिकोत्सव समारोह में संस्थाओं,पत्रकारों, विशिष्ट जनों का सम्मान करने के साथ दो पुस्तकों का विमोचन एंव काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम पूज्य सियाबल्लभ दास वेदांती महाराज के मुख्य आतिथ्य,अश्वनी कुमार पाठक वरिष्ठ साहित्यकार की अध्यक्षता,संतोष बरकड़े विधायक,नित्य निरंजन खम्परिया पूर्व विधायक सिहोरा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। जिसमें सम्मान,विमोचन व काव्य पाठ के मिले जुले कार्यक्रम में नगर की विभिन्न प्राचीन-नवीन साहित्यिक, सांस्कृतिक,क्रीड़ा संस्थाओं में पंचशील,जूही,वीणा, समता,ऐंग्लो क्लब,एम सन क्लब,नवनीत समिति के साथ जबलपुर की समवेत स्वर संस्था को सम्मानित किया गया। इसी तरह विशिष्ट जन सम्मान से गोविंद गुप्त,अमित मिश्रा,नरेंद्र त्रिपाठी,सावन पहारिया,हवलदार उजियार सिंह,अमित विश्वकर्मा,रश्मि पटेल,सुरेंद्र पटेल,केपी चौहान के साथ देश का चौथा स्तंभ मीडिया के द्वारा सामाजिक,धार्मिक,सांस्कृतिक साहित्यिक खबरों के माध्यम से समाज में ऊर्जा का संचार करने के लिए नगर के करीब एक दर्जन पत्रकारों को सम्मानित किया गया। होटल यशराज में आयोजित समारोह में पान उमरिया के साहित्यकार राजा चौरसिया को साहित्य अकादमी के द्वारा वर्ष 2024 का प्रादेशिक हरीकृष्ण देवसरे पुरस्कार उनके काव्य संग्रह 'बचपन है फुलवारी' पर घोषित किया गया है। इसी तरह डॉ.अरुणा पाण्डे की पुस्तक 'देखी सुनी कही' व आशा अवस्थी की दो पुस्तकों कठपुतली,चल पड़े हैं कदम का विमोचन भी अतिथियों के द्वारा किया गया। नारायण तिवारी,मुकेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन किया। विभिन्न कवियों में विजय बागरी विजय, अनिल मिश्रा, चंद्र किशोर श्रीवास्तव चंदन, सुशील जैन आदि का सहयोग रहा।

# विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही सरकार

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने पर एनएसयूआई ने प्रदर्शन कर लगाए आरोप




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

मप्र कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एवं चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए भाजपा कार्यालय की ओर कूच किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता रानीताल चौक से भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ रहे थे, तभी पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक एवं धक्का-मुक्की की स्थिति निर्मित हो गई। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग हटाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिसके चलते मौके पर तनावपूर्ण माहौल बन गया। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन को वाटर कैनन का प्रयोग करना पड़ा, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया गया।

### संविधान की भावना पर सीधा प्रहार

एनएसयूआई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन को निरस्त किया जाना केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान की भावना पर सीधा प्रहार है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई, तो छात्र और युवा वर्ग प्रदेशभर में व्यापक जनआंदोलन खड़ा करने के लिए बाध्य होगा। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, रिजवान अली, नीलेश माहर, देवकी पटेल, अभिषेक पटेल, राहुल रजक, मो एजाज, अभिनव मिश्रा, आयुष पहाड़िया आदि मौजूद रहे।

स्वतंत्र मत
जबलपुर

बुधवार 17 जून 2026



# दांतों की चमक का रहस्य: जानिए टूथपेस्ट में मौजूद रसायनों को

**हम सभी रोज़ सुबह और रात को टूथपेस्ट का उपयोग करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस सफेद या रंगीन पेस्ट में कौन-कौन से रसायन होते हैं और वे हमारे दाँतों की सुरक्षा कैसे करते हैं? वास्तव में टूथपेस्ट केवल दाँत साफ करने वाला पदार्थ नहीं, बल्कि कई वैज्ञानिक रूप से चुने गए रसायनों का मिश्रण होता है, जो दाँतों और मसूड़ों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।**

### फ्लोराइड

टूथपेस्ट का सबसे महत्वपूर्ण घटक फ्लोराइड होता है। सामान्यत: सोडियम फ्लोराइड या स्टैनस फ्लोराइड का उपयोग किया जाता है। यह दाँतों की बाहरी परत (एनामेल) को मजबूत बनाता है और कैविटी या दाँतों में सड़न से बचाता है।

### कैल्शियम कार्बोनेट और सिलिका

टूथपेस्ट में कैल्शियम कार्बोनेट और सिलिका जैसे पदार्थ भी मिलाए जाते हैं। इन्हें अपघर्षक कहा जाता है। ये दाँतों की सतह पर जमी गंदगी, दाग और प्लाक को हटाने में सहायता करते हैं, जिससे दाँत चमकदार दिखाई देते हैं।



### सोडियम लॉरिल सल्फेट

झाग बनाने के लिए टूथपेस्ट में सोडियम लॉरिल सल्फेट नामक रसायन मिलाया जाता है। यह दाँतों के बीच फंसी गंदगी को बाहर निकालने में मदद करता है और सफाई की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाता है।

### ग्लिसरीन और सॉर्बिटोल

टूथपेस्ट को सूखने से बचाने और उसे मुलायम बनाए रखने के लिए ग्लिसरीन तथा सॉर्बिटोल जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं। वहीं पुदीना या अन्य फ्लेवरिंग एजेंट मुंह को ताजगी का एहसास देते हैं और सांसों की दुर्गंध कम करते हैं।

### पोटैशियम नाइट्रेट

कुछ आधुनिक टूथपेस्ट में पोटैशियम नाइट्रेट भी मिलाया जाता है, जो संवेदनशील दाँतों में होने वाली झनझनाहट को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा कई टूथपेस्ट में जीवाणुरोधी तत्व भी होते हैं, जो मुंह में बैक्टीरिया की संख्या कम करते हैं।

इस प्रकार, टूथपेस्ट कई उपयोगी रसायनों का संतुलित मिश्रण है। ये रसायन मिलकर दाँतों की सफाई, सुरक्षा और मजबूती सुनिश्चित करते हैं। इसलिए हर सुबह इस्तेमाल किया जाने वाला टूथपेस्ट वास्तव में रसायन विज्ञान का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो हमारी मुस्कान को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखता है।

# रसायन विज्ञान: हमारे दैनिक जीवन का अदृश्य जादू

क्या आपने कभी सोचा है कि रसायन विज्ञान हमारे दैनिक जीवन से कितनी गहराई से जुड़ा हुआ है? अधिकांश लोग मानते हैं कि रसायन विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं, वैज्ञानिकों और जटिल सूत्रों तक सीमित है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह हमारे जीवन के लगभग हर पहलू में मौजूद है। हमारे भोजन, स्वास्थ्य, तकनीक, पर्यावरण और शरीर की प्रत्येक गतिविधि में इसका योगदान दिखाई देता है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक हम अनगिनत रासायनिक प्रक्रियाओं और पदार्थों के संपर्क में आते हैं। यही कारण है कि रसायन विज्ञान को दैनिक जीवन का विज्ञान कहा जाता है।




## सुबह की शुरुआत ही रसायन विज्ञान से

हमारे दिन की शुरुआत ही रसायन विज्ञान के साथ होती है। सुबह उठते साथ ही जिस टूथपेस्ट से हम दाँत साफ करते हैं, उसमें मौजूद सोडियम फ्लोराइड दाँतों को सड़न से बचाने में मदद करता है। साबुन और शैम्पू में पाए जाने वाले विशेष रासायनिक यौगिक त्वचा और बालों से गंदगी तथा तेल हटाते हैं। वहीं इत्र और डियोड्रेंट की आकर्षक खुशबू भी विभिन्न रासायनिक पदार्थों के संयोजन का परिणाम होती है।

## रसोईघर, घर की छोटी रसायनशाला

रसोईघर रसायन विज्ञान का सबसे अच्छा उदाहरण है। दूध का दही बनना एक रासायनिक परिवर्तन है, जिसमें लैक्टिक अम्ल का निर्माण होता है। केक और ब्रेड को मुलायम तथा फूला हुआ बनाने में बेकिंग सोडा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चाय और कॉफी में मौजूद कैफीन हमें ताजगी और ऊर्जा प्रदान करता है। भोजन पकाने के दौरान रंग, स्वाद और सुगंध में होने वाले बदलाव भी रासायनिक अभिक्रियाओं का ही परिणाम हैं।



## स्वास्थ्य और चिकित्सा में योगदान

रसायन विज्ञान ने चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति ला दी है। तेज बुखार, दर्द और संक्रमण जैसी समस्याओं के उपचार में उपयोग होने वाली दवाइयाँ रासायनिक शोध का ही परिणाम हैं। विभिन्न एंटीबायोटिक्स, टीके और जीवनरक्षक दवाएँ लाखों लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की प्रगति में रसायन विज्ञान का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## हमारा शरीर भी एक जीवित प्रयोगशाला

मानव शरीर में हर पल हजारों रासायनिक क्रियाएँ होती रहती हैं। भोजन का पाचन, ऊर्जा का निर्माण, श्वसन और रक्त संचार जैसी प्रक्रियाएँ रासायनिक अभिक्रियाओं पर आधारित हैं। मस्तिष्क में बनने वाले विभिन्न रसायन हमारी भावनाओं, व्यवहार और मानसिक स्थिति को प्रभावित करते हैं। इसलिए कह सकते हैं कि हमारा शरीर भी एक जीवित रासायनिक प्रयोगशाला है।

## पर्यावरण संरक्षण में भूमिका

रसायन विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी रसायन विज्ञान महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जैव-अवक्रमणीय प्लास्टिक, स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोत, जल शुद्धिकरण तकनीक और प्रदूषण नियंत्रण के नए उपाय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद मिल रही है।

रूचि चौबे

**शिक्षिका**

**बाबू मनमोहनदास हितकारिणी कन्या उमा शाला दीक्षितपुरा, जबलपुर।**



# आसमान में रंगों का जादू, आतिशबाजी में कैसे खिलते हैं लाल, हरे और नीले रंग

**त्योहारों, राष्ट्रीय उत्सवों और शादी बर्थडे जैसे विशेष समारोहों में आतिशबाजी लोगों को आकर्षित करती है। जब रात के अंधेरे आकाश में लाल, हरे, नीले और सुनहरे रंग चमकते हैं, तो यह दृश्य बेहद मनमोहक लगता है। आतिशबाजी का रंगीन सौंदर्य रसायन विज्ञान की एक अदभुत देन है। विभिन्न धातुओं और उनके लवणों की सहायता से वैज्ञानिक ऐसे रंग उत्पन्न करते हैं जो रात के आकाश को रोशनी और आकर्षण से भर देते हैं। इसलिए अगली बार जब आप रंग-बिरंगी आतिशबाजी देखें, तो याद रखें कि उसके पीछे रसायन विज्ञान का शानदार जादू काम कर रहा है।**



## धातुओं के लवण बनाते हैं रंग

आतिशबाजी में विभिन्न रंग उत्पन्न करने के लिए अलग-अलग धातुओं के लवण मिलाए जाते हैं। जब आतिशबाजी में विस्फोट होता है, तो अत्यधिक तापमान के कारण ये रसायन गर्म होकर प्रकाश उत्सर्जित करते हैं। प्रत्येक धातु का अपना विशिष्ट रंग होता है, इसलिए अलग-अलग रसायनों से अलग-अलग रंग दिखाई देते हैं।

## कौन-सा रसायन कौन-सा रंग बनाता है?

स्ट्रॉन्शियम – चमकीला लाल रंग
लिथियम – गहरा लाल रंग
कैल्शियम – नारंगी रंग
सोडियम – पीला रंग
बेरियम – हरा रंग
कॉपर – नीला रंग
तांबा और अन्य मिश्रण –नीला–हरा रंग
मैग्नीशियम और एल्युमिनियम – चमकदार सफेद प्रकाश
लोहा – सुनहरी चिंगारियाँ

## रंग बनने की वैज्ञानिक प्रक्रिया

जब आतिशबाजी जलती है, तो उसमें मौजूद धातु के परमाणु ऊर्जा प्राप्त कर उत्तेजित अवस्था में पहुँच जाते हैं। कुछ ही क्षणों बाद वे अपनी सामान्य अवस्था में लौटते हैं और अतिरिक्त ऊर्जा को प्रकाश के रूप में छोड़ते हैं। यही प्रकाश विभिन्न रंगों के रूप में दिखाई देता है। प्रत्येक तत्व की ऊर्जा संरचना अलग होती है, इसलिए उसका रंग भी अलग दिखाई देता है।

## एक ही आतिशबाजी में कई रंग कैसे बनते हैं?

आतिशबाजी निर्माता एक ही पटाखे में कई प्रकार के धातु लवण मिलाते हैं। विस्फोट के दौरान ये अलग-अलग समय और तापमान पर जलते हैं, जिससे एक साथ कई रंग दिखाई देते हैं। यही कारण है कि कुछ आतिशबाजियाँ रंग बदलती हुई भी नजर आती हैं

## चिंगारियाँ और विशेष प्रभाव

आतिशबाजी में केवल रंग ही नहीं, बल्कि चिंगारियाँ, चमक और धुएँ के विशेष प्रभाव भी रसायनों की मदद से बनाए जाते हैं। एल्युमिनियम, टाइटेनियम और मैग्नीशियम जैसे धातु पाउडर तेज चमक पैदा करते हैं।

## रसायन विज्ञान के रोचक तथ्य

- हीरा और कोयला दोनों मुख्य रूप से कार्बन से बने होते हैं, लेकिन उनकी परमाणु संरचना अलग होने के कारण उनके गुण पूरी तरह भिन्न होते हैं।
- सोना लगभग नष्ट नहीं होता है। यह बहुत कम अभिक्रियाशील धातु है। यही कारण है कि हजारों साल पुराने सोने के आभूषण आज भी चमकदार मिल जाते हैं।
- मानव शरीर भी रसायनों से बना है। हमारे शरीर का लगभग 60 प्रतिशत भाग पानी है और शरीर में हजारों प्रकार के रासायनिक यौगिक लगातार कार्य करते रहते हैं।
- हवा दिखाई नहीं देती, लेकिन उसका वजन होता है। वायु विभिन्न गैसों का मिश्रण है और उसका भी द्रव्यमान होता है, इसलिए उसका वजन मापा जा सकता है।
- शहद वर्षों तक खराब नहीं होता है। शहद में पानी की मात्रा बहुत कम होती है और उसमें ऐसे प्राकृतिक रसायन होते हैं जो बैक्टीरिया को बढ़ने नहीं देते।
- नदियाँ चट्टानों से घुले हुए खनिज और लवण समुद्र तक ले जाती हैं, जिससे समुद्री जल खारा हो जाता है।
- गर्म पानी कभी-कभी ठंडे पानी से जल्दी जम सकता है। इसे म्पेम्बा प्रभाव कहा जाता है। कुछ परिस्थितियों में गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में तेजी से बर्फ बन सकता है।
- सामान्य अवस्था में ऑक्सीजन गैस रंगहीन होती है, जबकि अत्यधिक ठंडा करने पर यह हल्के नीले रंग के तरल में बदल जाती है।
- मानव शरीर में इतना कार्बन होता है कि उससे लगभग 900 पेंसिल बनाई जा सकती हैं
- मानव शरीर में लगभग 30 से अधिक तत्व पाए जाते हैं। ऑक्सीजन, कार्बन, हाइड्रोजन, कैल्शियम, फॉस्फोरस और लोहा उनमें प्रमुख हैं।

# 118 तत्व, एक व्यवस्था: आवर्त सारणी की अदभुत कहानी

**रसायन विज्ञान में आवर्त सारणी को सबसे महत्वपूर्ण खोजों में से एक माना जाता है। यह केवल तत्वों की सूची नहीं है, बल्कि उनके गुणों, संरचना और व्यवहार को समझने का एक वैज्ञानिक मानचित्र है।रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए यह केवल एक चार्ट नहीं, बल्कि रासायनिक ज्ञान का ऐसा द्वार है जो पदार्थों के रहस्यों को समझने में मदद करता है। इसलिए आवर्त सारणी को रसायन विज्ञान की भाषा और उसकी सबसे शक्तिशाली कुंजी कहा जाता है।**




## आवर्त सारणी का इतिहास

उन्नीसवीं शताब्दी में वैज्ञानिक विभिन्न तत्वों के गुणों का अध्ययन कर रहे थे, लेकिन उन्हें व्यवस्थित करने का कोई प्रभावी तरीका नहीं था। वर्ष 1869 में रूसी वैज्ञानिक दिमित्री मेंडलीफ ने तत्वों को उनके परमाणु द्रव्यमान और रासायनिक गुणों के आधार पर क्रमबद्ध करते हुए पहली आवर्त सारणी प्रस्तुत की। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने कुछ स्थान खाली छोड़े और भविष्य में खोजे जाने वाले तत्वों के गुणों का अनुमान भी लगाया। बाद में उनकी भविष्यवाणियां सही साबित हुईं, जिससे आवर्त सारणी की उपयोगिता और विश्वसनीयता सिद्ध हुई।

इसके बाद वैज्ञानिक हेनरी मोसले ने तत्वों को परमाणु क्रमांक के आधार पर व्यवस्थित करने का सुझाव दिया। आधुनिक आवर्त सारणी इसी सिद्धांत पर आधारित है और समय-समय पर नए तत्वों की खोज के साथ इसका विस्तार होता रहा है।

## आवर्त सारणी की संरचना

आधुनिक आवर्त सारणी में वर्तमान में 118 ज्ञात तत्व शामिल हैं। इन्हें क्षैतिज पंक्तियों, जिन्हें आवर्त कहा जाता है, और ऊर्ध्वाधर स्तंभों, जिन्हें समूह कहा जाता है, में व्यवस्थित किया गया है। एक ही समूह के तत्वों के रासायनिक गुण प्राय: समान होते हैं, जिससे उनके व्यवहार का अनुमान लगाना आसान हो जाता है।

## आवर्त सारणी का महत्व

आवर्त सारणी रसायन विज्ञान के अध्ययन की आधारशिला है। इसके माध्यम से किसी तत्व के परमाणु क्रमांक, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, धात्विक या अधात्विक प्रकृति तथा उसकी रासायनिक क्रियाशीलता के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह विद्यार्थियों को तत्वों के गुण याद रखने के बजाय उन्हें समझने में सहायता करती है।

औद्योगिक क्षेत्र, चिकित्सा, कृषि, ऊर्जा उत्पादन और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे अनेक क्षेत्रों में आवर्त सारणी का व्यापक उपयोग होता है। नए पदार्थों और दवाओं के विकास में भी वैज्ञानिक इसी के आधार पर शोध कार्य करते हैं।

## रसायन पहेली

### कितना जानते हैं आप केमिस्ट्री

**1**

मैं जीवन का आधार कहलाता हूँ,
दो गैसों से मिलकर बन जाता हूँ।
न रंग है मेरा, न कोई स्वाद,
बताओ कौन हूँ मैं जनाब?

**उत्तर- पानी**

**2**

मैं सबसे हल्का तत्व हूँ,
सूर्य में मेरी भरमार।
गुब्बारों में भी कभी था उपयोग,
बताओ मेरा नाम इस बार।

**उत्तर- हाइड्रोजन**

**3**

काला हूँ पर हीरा भी मेरा भाई,
एक ही तत्व से दोनों की पढ़ाई।
अंतर केवल संरचना का है,
बताओ मैं कौन हूँ भाई?

**उत्तर- कार्बन**

**4**

मैं लाल रंग की धातु कहलाती,
बिजली के तारों में खूब नजर आती।
अच्छी चालक मेरी पहचान,
बताओ मेरा क्या है नाम?

**उत्तर- तांबा**

**5**

मैं न धातु, न गैस, न पानी,
जीवन के लिए हूँ जरूरी प्राणी।
साँसों में मेरा होता काम,
बताओ मेरा क्या है नाम?

**उत्तर- ऑक्सीजन**

स्वतंत्र मत
जबलपुर
बुधवार 17 जून 2026



# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबल प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ आगाज

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम उमरिया में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह दिनांक 15 जून, 2026 को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुजा पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय, अभय सिंह मुख्य कार्यपद अधिकारी जिला पंचायत, धनुषधारी सिंह, राकेश शर्मा, कीर्ति सोनी, अतिरिक्त कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, एसडीएम कमलेश नीरज, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्रीमती पूजा द्विवेदी, स्टेट ऑब्जर्वर डीएस धुर्वे, राजेश यादव, संभागीय खेल अधिकारी रईस अहमद, सलकांत बहादुर सिंह सहित सहित प्रदेश के 9 संभागों से आए अधिकारी कर्मचारी कोच जनरल मैनेजर ऑफिशल्स प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण तथा विभिन्न संभागों के खिलाड़ी छात्र-छात्रा प्रमुख रूप से उपस्थत रहे । कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने खिलाड़ियों से




अनुशासन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिले में आए सभी खिलाड़ियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर राकेश शर्मा ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ मैदान में उतरने का संदेश दिया। जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी ने बताया कि प्रतियोगिता में जबलपुर, भोपाल, इंदौर, सागर, उज्जैन, नर्मदापुरम तथा जनजातीय कार्य विभाग की टीमें भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ खेल ध्वज फहराकर किया गया। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर खेल ध्वज एवं मुख्य अतिथि को सलामी दी। इस दौरान खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई तथा टीमों के साथ आए कोचों को टी-शर्ट वितरित की गई। जिला प्रशासन के निर्देशन में विभिन्न संभागों से पधारे खिलाड़ियों तथा ऑफिशल्स के लिए आवास की व्यवस्था कृष्ण गार्डन उमरिया, कृष्ण पैलेस उमरिया एवं सरई रिजॉर्ट में की गई है। सभी खेल मैदानों एवं आवास स्थलों पर शुद्ध पेयजल, गर्मी को देखते हुए कूलर पंखों एवं 24 घंटे प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता के दौरान पिछले 20 वर्षों से स्कूल शिक्षा विभाग के खेल आयोजनों में अपना प्रमुख योगदान देने के लिए सेवानिवृत्ति शिक्षक राजेंद्र मिश्रा, शिक्षक तरुण वर्मा एवं शिक्षक जवाहरलाल मोंगरे को प्रतियोगिता का उद्घाटन अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत एक ही परिवार के 3 लोग सहित 4 घायल

कटंगी (स्वतंत्रमत)

कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झंझागी और कोहका गांव के बीच सड़क मार्ग में दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक ही परिवार के पति-पत्नी और 4 साल के मासूम सहित कुल 4 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और सभी घायलों को कटंगी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है और उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार बाइक क्रमांक एमपी 50 बी 3531 और एमपी 50 एमयू 5099 की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। एक बाइक में सवार ग्राम टेकाड़ी थाना कटंगी निवासी तेजलाल पिता नीलचंद पटले उम्र 36 साल, उनकी धर्मपत्नी दुर्गावती पति



तेजलाल पटले उम्र 34 साल और उनका 04 वर्षीय पुत्र वेदांत पिता तेजलाल पटले घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार ग्राम चिखलाबांध थाना रामपायली निवासी वीरेंद्र पिता प्रताप सिंह खंडाते उम्र 25 वर्ष को भी चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। डायल 112 में तैनात आरक्षक केशवराम सनोड़िया और पायलट अजय गिरी ने बिना देरी किए चारों घायलों को उठाकर सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया। समय पर अस्पताल पहुंचने से घायलों को तत्काल इलाज मिल सका। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क हादसे में घायल चारों लोगों की हालत अब ठीक है। फिलहाल किसी की ओर से शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। सभी का उपचार कटंगी के सरकारी अस्पताल में जारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसे के वक्त दोनों बाइक सवार कहां जा रहे थे। पुलिस घायलों के बयान दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# राकेश कुमार तुरकर ने प्राप्त की पीएच.डी. उपाधि

## परिवार और क्षेत्र में हर्ष, शुभचिंतकों ने दी बधाई

कटंगी (स्वतंत्रमत)

नगर के वार्ड क्रमांक 03, विवेक ज्योति स्कूल रोड निवासी राकेश कुमार तुरकर ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर से कृषि अभियांत्रिकी विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर परिवार, नगर एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। डॉ. राकेश कुमार तुरकर ने अपना शोध कार्य वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्राध्यापक डॉ. आर. एन. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उनका शोध विषय रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस के उपयोग से अपर वैनगंगा बेसिन में जल संरक्षण हेतु भूमि उपयोग एवं भूमि आवरण परिवर्तन का आकलन रहा। इस शोध में उन्होंने



आधुनिक भू-स्थानिक तकनीकों की सहायता से जल संसाधन प्रबंधन, भूमि उपयोग परिवर्तन तथा जल संरक्षण की संभावनाओं का विस्तृत अध्ययन किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह शोध भविष्य में जल संरक्षण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगा। अपर वैनगंगा बेसिन क्षेत्र में जल संकट को देखते हुए यह अध्ययन प्रशासन और नीति निर्माताओं के लिए भी महत्वपूर्ण डेटा उपलब्ध कराएगा। अपनी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर डॉ. तुरकर ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता रमेश कुमार तुरकर, लता तुरकर एवं पत्नी पूनम तुरकर को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवारजनों, मित्रों, सहपाठियों तथा शुभचिंतकों के सहयोग और प्रेरणा ने उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान की। डॉ. राकेश तुरकर की पीएच.डी. उपाधि प्राप्त करने की खबर मिलते ही नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर प्रगति की कामना की है। लोगों का कहना है कि कटंगी जैसे छोटे शहर से निकलकर कृषि अभियांत्रिकी जैसे तकनीकी विषय में पीएच.डी. करना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। डॉ तुरकर ने बताया कि वे आगे भी जल संरक्षण और कृषि तकनीक के क्षेत्र में शोध कार्य जारी रखेंगे, ताकि किसानों और समाज को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके ।603- डॉ राकेश कुमार तुरकर।

# एसडीएम ठाकुर खरगोन भेजे गए 1 साल का रहा कार्यकाल

कटंगी (स्वतंत्रमत)

सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल ने 15 जून को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के 155 अधिकारियों, प्रभारी डिप्टी कलेक्टरों का प्रशासकीय आधार पर तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इस तबादला सूची में बालाघाट जिले के कटंगी अनुविभाग के एसडीएम कैलाश चन्द्र ठाकुर का नाम भी शामिल है। उन्हें खरगोन जिला स्थानांतरित किया गया है। के.सी.ठाकुर ने जून 2025 में कटंगी एसडीएम का पदभार संभाला था। उनका लगभग एक वर्ष का कार्यकाल मिलाजुला रहा। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण, अतिक्रमण हटाने की



कार्रवाई और जनसुनवाई जैसे मुद्दों पर काम किया। हालांकि कई बार उनके फैसलों को लेकर विवाद भी सामने आए। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी के.सी. ठाकुर कटंगी से रिलीव नहीं हुए हैं। वह फिलहाल यहीं पदस्थ हैं और शासकीय कार्य कर रहे हैं। रिलीविंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही वह खरगोन के लिए रवाना होंगे। के.सी. ठाकुर के खरगोन तबादले के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि कटंगी अनुविभाग की कमान कौन संभालेगा। इसे लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, 15 जून को जारी हुई 155 अधिकारियों की स्थानांतरण सूची में राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारी सुधीर कुमार जैन, रामबाबू देवांगन और सुनल सिडाम को बालाघाट जिले में पदस्थ किया गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इन तीनों अधिकारियों में से किसी एक को कटंगी में एसडीएम की जिम्मेदारी दी जा सकती है। हालांकि अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि के.सी. ठाकुर कब रिलीव होते हैं और कटंगी में नए एसडीएम के रूप में किसकी पदस्थापना होती है।

# बीकेएमएस द्वारा जोहिला में मनाया गया कोयला व खान मंत्री जी. किशन रेड्डी का जन्मदिन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी का जन्मदिवस सोमवार 15 जून को उमरिया कालरी परिसर के साथ पूरे जोहिला क्षेत्र की विभीन्न खदानों जीएम मुख्यालय में समस्त कर्मचारी अधिकारी पुरूष व महिला स्टाफ के साथ मिठाई खिलाकर मनाया गया। प्रधानमंत्री सहित पूर्व कोयला मंत्री व वर्तमान में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी जी व अन्य तमाम देश के तमाम बड़े नेताओं मंत्रियों ने अपने एक्स हेण्डल पर तथा एसईसीएल कोल इण्डिया जोहिला क्षेत्र के महाप्रबंन्धक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान व बीकेएमएस के अध्यक्ष नौमीशरण यादव, मीडिया प्रभारी शायोप्रस के समाजसेवी विजय कुमार जोशी,सचिव अश्वीनी पटेल ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुऐ उनके उत्तम स्वास्थ्य दीर्धायु प्रशन्नचित जीवन,राजनैतिक सफलता से भरे सफर की कामना कीं।मीडिया प्रभारी विजय कुमार जोशी ने बताया कि जी. किशन रेड्डी जी का पूरा मूल नाम श्री गंगापुरम किशन रेड्डी है इनका जन्म 15 जून 1960 को आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) में हुआ था।उनके योगदान की सराहना करते हुऐ उन्होने कहा कि देश के खनिज और ऊर्जा संसाधनों को मजबूत करने और खनन क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए उनके कार्यों की सराहना सर्वत्र की जाती है,वे योग व अध्यात्म से भी



जुड़े हुऐ है और 21 जून विश्व योग दिवस पर अधिक से कोयला खान परिवार को आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार योगाभ्यास कर विश्व रिकार्ड बनाने के लिये प्रेरित किया है।अध्यक्ष नौमीशरण यादव जी ने कहा कि माननीय मंत्री महोदय रेडडी साहब भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं।शुरुआती दौर में उन्होंने साल 1980 में भारतीय जनता पार्टी के एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी.विधायक के रूप में वह आंध्र प्रदेश विधानसभा में विधायक रहे और साल 2009 में भाजपा के फ्लोर लीडर भी चुने गए.प्रदेश अध्यक्ष आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद, वह साल 2014 से 2016 तक तेलंगाना भाजपा के पहले राज्य अध्यक्ष बने. इसके बाद दोबारा 2023 से 2025 तक उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली.सांसद और केंद्रीय मंत्री साल 2019 में वह सिकंदराबाद लोकसभा सीट से सांसद चुने गए. मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में उन्होंने केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री के रूप में कार्य किया.वर्तमान भूमिका मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल (2024 से अब तक) में वे भारत के 25वें कोयला मंत्री और 45वें खान मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं।

# 181 में शिकायत की धमकी देकर सरपंचों से अवैध वसूली

## सरपंच संघ ने थाने में सौंपा आवेदन, शिकायत कर कार्रवाई की रखी मांग

कटंगी (स्वतंत्रमत)

बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में फर्जी लोगों द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 की शिकायत लगाने की धमकी देकर सरपंच-सचिवों से अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। परेशान सरपंच संघ ने सोमवार 16 जून को थाना प्रभारी कटंगी को आवेदन सौंपकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। सरपंच संघ जनपद पंचायत कटंगी के अध्यक्ष उमेश पटले ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि जनपद पंचायत कटंगी के अंतर्गत आने वाली कुछ ग्राम पंचायतों में ऐसे फर्जी लोग सक्रिय हैं जो उस गांव के निवासी नहीं हैं। ये लोग 181 लगाकर सरपंचों से अवैध वसूली की मांग करते हैं। आवेदन के अनुसार जब सरपंचों द्वारा पैसे देने से मना किया जाता है तो यह लोग धमकियां देते हैं। गाली-गलौज करते हैं, मारने-पीटने और जान से मारने की धमकी देते हैं। साथ ही सीएम हेल्पलाइन 181 लगाने और आरटीआई लगाने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। सरपंच संघ ने आवेदन में उन पंचायतों और लोगों के नाम भी बताए हैं जहां 181 की धमकी देकर वसूली की जा रही है। फिलहाल फर्जी लोगों के द्वारा ग्राम पंचायत सेलवा, आगरवाड़ा, चिचगांव और कलगांव की शिकायत की गई है। सरपंच संघ ने थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि उनकी समस्या का निराकरण करें। संघ का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों से सरपंच और सचिव मानसिक रूप से परेशान हैं। विकास कार्यों में भी बाधा आ रही है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन 181 संचालित की जा रही है। इसमें कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं या अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत दर्ज करा सकता है। लेकिन कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर सरपंचों को ब्लैकमेल कर रहे हैं। फिलहाल कटंगी पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# 35 लाख रुपये के चोरी हुए पीक्यूसी मशीन सेंसर बरामद, आरोपी फरार

उमरिया (स्वतंत्रमत)

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 35 लाख रुपये मूल्य के चोरी हुए पीक्यूसी (चफब) मशीन के पांच सेंसर बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह चोरी ग्राम अमिलिहा में निर्माणाधीन पुल परियोजना के कैंप से हुई थी। मामले में थाना पाली में अपराध क्रमांक 259/26 के तहत धारा 305(ए) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार टीवीसीएल कंपनी के सीनियर सुपरवाइजर अर्जुन सिंह सेंगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 11 जून को पूर्व अपरेटर अरशान खान और उसका साथी साद खान काम मांगने के बहाने कैंप में रुके थे। अगले दिन दोनों कैंप



से गायब मिले और कमरे में रखे पांच पीक्यूसी मशीन सेंसर भी चोरी हो चुके थे, जिनकी अनुमानित कीमत 35 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी के निर्देशन में गठित टीम ने तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर विदिशा जिले में आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी जंगल की ओर भाग निकले, लेकिन भागने के दौरान उनका बैग मौके पर ही छूट गया।पुलिस ने बैग की तलाशी लेने पर उसमें से चोरी गए सभी पांच पीक्यूसी मशीन सेंसर बरामद कर लिए। बरामद सेंसरों की पहचान कंपनी के अधिकारियों ने भी कर दी है। फिलहाल दोनों फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में घुनघुटी चौकी और थाना पाली पुलिस की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महाराणा प्रताप जयंती के भव्य आयोजन को लेकर जिला पंचायत सदस्य ओमकार सिंह के निवास पर बैठक संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर 17 जून को आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर करकेली स्थित जिला पंचायत सदस्य ओमकार सिंह के निवास पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा,व्यवस्थाओं एवं जनसहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में करणी सेना जिला अध्यक्ष राहुल सिंह, दिवाकर सिंह, सुखराज सिंह, धनुषधारी सिंह, राहुल देव सिंह, विजय सिंह सरमनिया,भास्कर सिंह एवं अनुराग सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और समाजजन उपस्थित रहे।



जिला अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि जयंती समारोह में हिंदू सम्राट शेर सिंह राणा एवं कपिध्वज सिंह भैया साहब का उमरिया आगमन प्रस्तावित है,कार्यक्रम का उद्देश्य महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है।उन्होंने कहा कि आयोजन में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है,वहीं महिलाओं की विशेष भागीदारी भी रहेगी। बैठक में जानकारी दी गई कि राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।साथ ही जिले एवं संभाग के वरिष्ठ पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी।

# जिला प्रभारी मंत्री का भ्रमण कार्यक्रम

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री नागर सिंह चौहान एक दिवसीय भ्रमण पर 17 जून को उमरिया आएंगे। श्री चौहान 17 जून बाँधवगढ़ से उमरिया सर्किट हउस के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11 बजे माध्यमिक विद्यालय अमिलिहा विकास खंड पाली में आयोजित जन कल्याण शिविर में शामिल होंगे। दोपहर 12.30 बजे गायत्री मंदिर के सामने पाली में आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल होंगे। दोपहर 1.30 बजे ग्राम भिम्मा डोगरी में नल जल योजना का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 3 बजे जल हली धाम ग्राम सेहराटोला जरहा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह में शामिल होंगे। सायं 4 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

# भदार नदी में मछली मारने गए युवक की करंट लगने से मौत, घबराए युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले इंदवार थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर चौकी के ग्राम अमरपुर में उस समय हड़कंप मच गया, जब भदार नदी में प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को मछली मारने गए एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रमाकांत कचेर (25 वर्ष), पिता गुलाब कचेर, निवासी अमरपुर के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार रमाकांत अपने कुछ साथियों के साथ भदार नदी में मछली मारने गया था। इसी दौरान नदी में लगाए गए करंट की चपेट में आ जाने से वह गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद साथ गए युवक घबरा गए और किसी को सूचना दिए बिना वहां से चले गए। जब रमाकांत तीन दिनों तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर परिजनों ने अमरपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह ने तत्काल जांच शुरू की और रमाकांत के साथ गए साथियों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान करने पर उन्होंने पूरी घटना बता दी। साथियों की निशानदेही पर पुलिस ने बेशर्म की झाड़ियों से रमाकांत का शव बरामद किया। घटना के बाद एक साथी ने संदीप उर्फ बूंदे ढीमर पिता हरछड, उम्र 28 वर्ष, घबरा गया। घटना का खुलासा होने के बाद उसने अपने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, अन्य साथी घटना के बाद से फरार बताए जा रहे हैं। अमरपुर चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह ने बताया कि प्रथम ष्टया रमाकांत की मौत करंट लगने से हुई है। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कराया गया है पीएम रिपोर्ट आने के कारण ही पता चलेगा किन कारणों से मृत्यु हुई है वही संदीप ढीमर फांसी का फंदा लगाकर आत्मघाती कदम उठाया है शव उतरवाकर पोस्टमार्टम शव का कराया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद जांच के बाद ही पता चलेगा किन कारणों से आत्मघाती कदम उठाया। चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह ने कहा कि नदी में करंट कैसे आया, इसकी जांच की जा रही है। फरार साथियों की तलाश जारी है। पूछताछ के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी,ष्ऋअमरपुर पुलिस ने बताया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चलेगा।

# उमरिया में आज मनाई जाएगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

उमरिया (स्वतंत्रमत)

वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्र गौरव के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती आज जिले भर में आन-बान-शान के साथ मनाई जाएगी। हिन्दू पंचांग के अनुसार महाराणा प्रताप की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है, जो इस वर्ष 17 जून को पड़ रही है। जयंती के अवसर पर उमरिया के खलेसर तिराहे स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल का साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रतिमा स्थल को आकर्षक स्वरूप दिया गया है, जहां समाजजन प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे तथा महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और स्वाभिमान को नमन करेंगे। त्रिभुवन प्रताप सिंह ने बताया कि समाज के सहयोग से प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण कराया गया है, ताकि जयंती समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय स्थित जिला योजना भवन में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न दूर-दराज के क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और उनके निराकरण के लिए आवेदन सौंपे जनसुनवाई के दौरान कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने आवेदकों की समस्याओं को संवेदनशीलता और गंभीरतापूर्वक सुना।

## दावा-आपत्ति अवधि 25 जून तक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के द्वितीय चरण के पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पूर्व में यह अवधि 15 जून को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित थी जिसे संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब 25 जून को अपराह्न 3 बजे तक बढ़ाया गया है उप जिला निर्वाचन अधिकारी मंडला ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों की वार्डवार मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने, नाम हटाने अथवा किसी प्रकार का संशोधन कराने के लिए निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करें।

## वित्तीय साक्षरता शिविर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विकासखण्ड नैनपुर के ग्राम सिमरिया में वित्तीय साक्षरता केंद्र सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वित्तीय साक्षरता केंद्र के अधिकारी कृष्णकांत अवस्थी ने स्वयं सहायता समूहों की संगठन बैठक में उपस्थित महिलाओं को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं वित्तीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

## ग्रामीण बैंक ने दी जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मोहगांव में आयोजित जनकल्याण शिविर में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा मोहगांव द्वारा सक्रिय सहभागिता करते हुए उपस्थित ग्राहकों को केंद्र सरकार एवं बैंक की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई शिविर के दौरान बैंक अधिकारियों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी।

## योजनाओं की दी जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन के विशेष अभियान अंतर्गत जन कल्याणकारी शिविरों के खंड स्तरीय कार्यक्रमों के प्रथम चरण का आयोजन जनपद पंचायत बीजाडांडी के मंगल भवन में किया गया। कार्यक्रम में निवास विधानसभा विधायक चैनसिंह वरकड़े, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, जनपद सदस्य राजेंद्र पुट्टा, अध्यक्ष डुमरी लाल कुम्हरे, जिला संयोजक विकास यादव, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती वासंती दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई।

# समान नागरिक संहिता पर मंथन आमजन से लिए सुझाव यूसीसी का उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को समान अधिकार दिलाना : बुधपाल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में राज्य शासन द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया के तहत मंगलवार को पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बड़ी खैरी के सभागार में उच्च स्तरीय समिति की ओर से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूसीसी के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य बुधपाल सिंह ने संहिता के प्रावधानों के विषय में विस्तार से जानकारी दी और विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से सुझाव एवं विचार प्राप्त किए बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, पूर्व विधायक अशोक मर्सकोले, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राधा गुप्ता, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर संस्कार






बावरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, धार्मिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए समिति सदस्य बुधपाल सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता का प्रावधान भारतीय संविधान के अनुच्छेद-44 में किया गया है जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए समानता न्याय और कल्याण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि गोवा में आजादी के पहले से ही समान नागरिक संहिता लागू है और गोवा के 1961 में भारत में विलय के बाद भी यह व्यवस्था जारी रखी गई वर्तमान में उत्तराखंड गुजरात और असम जैसे राज्यों में भी यूसीसी लागू है तथा मध्यप्रदेश इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसे लागू करने वाला चौथा राज्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित व्यवस्था में जनजातीय समुदाय की परंपराओं को देखते हुए अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। बुधपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान में विवाह विवाह विच्छेद भरण-पोषण उत्तराधिकार दत्तक ग्रहण एवं लिव-इन रिलेशनशिप जैसे विषय विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों के अंतर्गत आते हैं यूसीसी का उद्देश्य इन विषयों पर सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी व्यवस्था स्थापित करना है जिससे महिला और पुरुष दोनों को समान अधिकार प्राप्त हो सकें उन्होंने कहा कि लोगों को यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि यूसीसी लागू होने से उनकी धार्मिक स्वतंत्रता प्रभावित होगी यह कानून किसी भी धर्म की पूजा-पद्धति या धार्मिक गतिविधियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाता है इसका मुख्य उद्देश्य सभी जाति और धर्म के लोगों को समान अधिकार उपलब्ध कराना है उन्होंने बताया कि यूसीसी लागू होने पर विवाह पंजीयन अनिवार्य होगा बेटी और बेटे को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा गोद लेने की प्रक्रिया धर्मनिरपेक्ष होगी लिव-इन रिलेशनशिप के लिए अलग प्रावधान बनाए जाएंगे तथा बहुविवाह पर रोक लगेगी जिससे महिलाओं को और अधिक सुरक्षा मिलेगी बैठक में उपस्थित नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने विवाह एवं विवाह विच्छेद के लिए सभी नागरिकों के लिए समान कानून बनाए जाने महिलाओं के उत्तराधिकार संबंधी अधिकारों में समानता सुनिश्चित करने तथा लिव-इन रिलेशनशिप से जन्में बच्चों के अधिकारों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने की आवश्यकता पर बल दिया साथ ही धर्मांतरित जनजातीय समुदाय के लोगों के लिए प्रावधानों में व्यवस्था की स्पष्टता पर जोर दिया। वहीं लिव-इन रिलेशनशिप के पंजीकरण पर भी स्वतंत्र विचार रखे गए। इसके अलावा विवाह पंजीयन को अनिवार्य बनाने बेटा-बेटी को समान संपत्ति अधिकार प्रदान करने तथा अनुच्छेद-44 एवं यूसीसी के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के सुझाव भी दिए गए बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक डॉ. अशोक मर्सकोले, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राधा गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती मंजु कछवाहा, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष पारस असरानी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश कछवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता विनय मिश्रा, रामकुमार हरदहा, जनाब उस्मान, सब इंजीनियर सुश्री रमा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों तथा महिलाओं ने अपने विचार समिति के सामने रखे समिति सदस्य बुधपाल सिंह ने बताया कि जो लोग बैठक में अपने सुझाव प्रस्तुत नहीं कर सके हैं वे पोर्टल के माध्यम से अपने सुझाव दर्ज करा सकते हैं प्राप्त सुझावों के आधार पर यूसीसी का प्रारूप तैयार किया जाएगा जिसे विधि विभाग की सहमति के बाद विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के विचारों को समाहित करते हुए आगे की प्रक्रिया संचालित की जाएगी।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने ली बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का प्रथम मंडला आगमन हुआ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण कर उनका अभिवादन किया। वहीं भाजपा जिला कार्यालय में ढोल-नगाड़ों के बीच उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से परिचय लिया जिसके बाद बैठक ली बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम पटेल,



उदयप्रताप सिंह, संभाग प्रभारी धनेश धनंजय, जिला उपाध्यक्ष एवं मोर्चा संयोजक महेंद्र पटेल, जिला महामंत्री लखन बंजारा, दुर्गेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, डॉ. विजय आनंद मरावी, पूर्व जिला महामंत्री उमेश ठाकुर एवं पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश पटेल, नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में देश के इतिहास में दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया तथा गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार अत्यंत सरल सहज एवं कार्यकर्ताओं के बीच रहकर संगठन को मजबूत करने वाले नेतृत्वकर्ता हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश भर में पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगा भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष के आगामी संगठनात्मक प्रवास एवं कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि मोर्चा द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा इस दौरान पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनकल्याण शिविर से मिला योजना का लाभ

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)**

शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सरलता और पारदर्शिता के साथ पहुंचाने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से नगर परिषद भुआ बिछिया के विनोद रंगमंच परिसर में 15 जून से 17 जून तक जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर रहे हैं। शिविर के दौरान प्राप्त अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया वहीं पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर पेंशन स्वीकृति पत्र सहित अन्य हितलाभों का वितरण



कर लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया शिविर में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी सहित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र नागरिकों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया शिविर में नीरज भट्ट, अशोक नानकानी, शशिकांत श्रीवास्तव, विजय आनंद मरावी, प्यारेलाल कोराम, चंद्र कुमार झारिया, जमुना यादव, योगेश यादव, शोभित रावत, नरेश राजपूत, ओमप्रकाश यादव, राकेश यादव, देवी यादव, अतुल कटोरे, सुनीता ताम्रकार, उपयंत्री एचआर कुरैशी, नारायण परते, अशोक यादव, संदीप राजपूत, मनोज निगम, अनिता रजक, कौशल्या तेकाम सहित नगर के वरिष्ठ नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# अभिभावक सम्मेलन में पहुंचे सांसद-विधायक

**मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)**

सांदीपनि मॉडल विद्यालय निवास में अभिभावक सम्मेलन एवं प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों समाजसेवियों अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते सांसद तथा विशिष्ट अतिथि चैनसिंह वरकड़े विधायक निवास रहे कार्यक्रम में मंजूलता कुलस्ते अध्यक्ष जनपद पंचायत निवास, घनश्याम सूर्यवंशी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत निवास, बसंत चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद निवास, आकाश पांडे मंडल अध्यक्ष, यतेन्द्र मोहन विश्वकर्मा समाजसेवी, संतोष कुमार रजक समाजसेवी, संजीत कुमार पांडे समाजसेवी, अशोक कुमार बड़गैंया समाजसेवी, विनोद कुमार दुबे समाज सेवी, वीरेन्द्रधर द्विवेदी समाजसेवी, आशाराम वर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, दिनेश वरकड़े तहसीलदार निवास तथा सुनील दुबे




विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी प्रभारी प्राचार्य वेदप्रकाश अवधिया एवं समस्त स्टॉफ द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया स्वागत कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वेदप्रकाश अवधिया द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कक्षा 12वीं के लगभग 75 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है। शासन की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं के अंतर्गत 32 विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई तथा 130 विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलों का लाभ प्रदान किया गया। विधायक चैनसिंह वरकड़े ने विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए नियमित अध्ययन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। वहीं सांसद श्री कुलस्ते ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता, समाज, क्षेत्र एवं देश का नाम गौरवान्वित करने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात पात्र विद्यार्थियों को नि:शुल्क गणवेश वितरित किए गए। साथ ही अरुण से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया कार्यक्रम के अंतिम चरण में कक्षा 6वीं एवं 9वीं के पात्र विद्यार्थियों को सांसद एवं विधायक के कर-कमलों से नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

## मांसाहारी दुकानें हटाने जनसुनवाई में पहुंचे

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आम आदमी पार्टी ने नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर संचालित मांसाहार की दुकानों को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किए जाने मांग को लेकर जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया। पार्टी का कहना है कि नर्मदा परिक्रमा सनातन धर्म और नर्मदा भक्तों की आस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण धार्मिक यात्रा है ऐसे में परिक्रमा मार्ग पर मांसाहार की दुकानों का संचालन श्रद्धालुओं की भावनाओं को प्रभावित करता है आम आदमी पार्टी के



जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि कारीकोन तिराहे से गैस गोदाम तक के मार्ग में कई मांसाहार की दुकानें संचालित हो रही हैं। यह मार्ग नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं द्वारा उपयोग किया जाता है जिससे परिक्रमावासियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में गैस गोदाम और गिट्टी क्रेशर होने के कारण अक्सर यातायात का दबाव और जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। जनसुनवाई के दौरान जिला अध्यक्ष पंकज सोनी के साथ जिला संगठन मंत्री शिशु सिंधु भलावी, जिला संगठन मंत्री एससी विंग नितिन झरिया, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रमा देवी धुर्वे, जिला मीडिया प्रभारी आशीष वैष्णव, जिला कार्यालय प्रभारी राजेश महोबिया, राकेश उसराठे, रश्मि मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मैगनेटिक थेरेपी से मरीजों को मिली राहत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

मंगलवार को सुप्रसिद्ध डॉक्टर एसके गर्ग का एमके होटल मंडला आगमन हुआ जहां विशाल स्वास्थ्य शिविर में बिना दवा दर्द से पाए परमानेन्ट राहत वाले शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाकौशल की वरिष्ठ उद्योगपति समाजसेवी श्रीमति मृदुला काल्पीवार ने डॉ गर्ग का पुष्पमाला से स्वागत करते हुए शिविर में उपस्थित मरीजों से परिचय कराया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर का आयोजन 18 जून तक किया जाएगा। यहां पर प्रात 9 बजे से शाम 6 बजे तक डॉ गर्ग



मरीजो से संवाद करते हुए उपचार कर रहे हैं। यहां पर दूर दूर से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में चमात्कारी प्रेशर पॉइंट थेरेपी, मैगनेटिक थेरेपी से उपचार किया जा रहा है। सुजोक एक्यूप्रेशर एवं मैग्नेटिक चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ डॉ. एसके गर्ग द्वारा तीन दिवसीय उपचार शिविर आयोजित में प्रथम दिवस लगभग 100 मरीजों का उपचार किया गया। डॉ. गर्ग सुजोक एवं मैग्नेट थेरेपी के माध्यम से शरीर के विशेष दबाव बिंदुओं प्रेशर पॉइंट्स और ऊर्जा प्रवाह को सक्रिय कर स्वास्थ्य लाभ देने का प्रयास करते हैं उनके अनुसार हाथों पैरों और शरीर के विभिन्न बिंदुओं के माध्यम से शरीर की आंतरिक स्थिति को समझकर उपचार किया जाता है जिससे शरीर की स्व-उपचार क्षमता को प्रोत्साहन मिलता है शिविर में साइटिका, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सर्वाइकल, माइग्रेन, कंधे का दर्द, जोड़ों के दर्द, ब्लड प्रेशर तथा डायबिटीज जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों को परामर्श एवं उपचार दिया जाएगा। इस पद्धति से अनेक लोगों को राहत मिली है और कई मरीजों ने सकारात्मक अनुभव साझा किए हैं। डॉ. एसके गर्ग देश के विभिन्न राज्यों में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से सेवाएं दे चुके हैं तथा अनेक सामाजिक खेल एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों का उपचार कर चुके हैं।

# राज्य स्तर पर सम्मानित होंगे पुलिस अधिकारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिले में पदस्थ दो पुलिस अधिकारियों का चयन प्रतिष्ठित केएफ रुस्तमजी अवार्ड के लिए किया गया है। यह सम्मान उत्कृष्ट विवेचना पेशेवर दक्षता तथा जटिल मामलों के सफल खुलासे के लिए प्रदान किया जाता है। सम्मान प्राप्त करने वाले अधिकारियों में थाना प्रभारी वेदराम हिनोते एवं उपनिरीक्षक प्रीति वर्मा शामिल हैं दोनों अधिकारियों ने अलग-अलग मामलों में उल्लेखनीय कार्य करते हुए पुलिस विभाग का मान बढ़ाया है थाना प्रभारी वेदराम हिनोते को वर्ष 2023 में घुघरी थाना क्षेत्र के ग्राम दानीटोला स्थित दतला नाला में मिले अज्ञात शव के मामले की सफल विवेचना के लिए सम्मानित किया जाएगा यह मामला लंबे समय तक अंधे कत्ल के रूप में चुनौती बना रहा हिनोते ने लगभग चार माह तक वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच की जांच में सामने आया कि मृतक का आरोपी की पत्नी के साथ प्रेम संबंध था इसी कारण आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया पुलिस ने ठोस साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था वहीं कोतवाली थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक प्रीति वर्मा को वर्ष 2021-22 में एक नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए सम्मानित किया जाएगा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने शिकायत दर्ज होने के मात्र 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था तत्पर विवेचना और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की गई जिससे पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली जिले के दो पुलिस अधिकारियों का राज्य स्तरीय सम्मान के लिए चयन होना पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# अमेरिका-ईरान डील पर सस्पेंस, शांति समझौते के लिए इजरायल को लेबनान से पीछे हटना होगा : विदेश मंत्री



दुबई

ईरान के शीर्ष राजनयिक ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने वाले समझौते के तहत इजरायल को लेबनान से भी हटना होगा। ऐसे में अब उस समझौते को लेकर सवाल उठने लगे हैं जो अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है और क्या इस शर्त पर असहमति हुई तो संघर्ष लंबा खिंच सकता है।

ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित बयानों में विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने दूसरे देशों के राजनयिकों से कहा कि दक्षिणी लेबनान पर इजरायल का कब्जा जारी रहना अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) का उल्लंघन होगा।

अरागची ने कहा, लेबनान में युद्ध का खत्म होना, पूरे युद्ध के खत्म होने का एक अहम हिस्सा है। जब तक इजरायली सेना उन इलाकों से पीछे नहीं हटती जिन पर उसने इस युद्ध के दौरान कब्जा किया था तब तक युद्ध पूरी तरह खत्म नहीं माना जाएगा।

अरागची ने आगे कहा कि लेबनान पर इजरायल के और हमले हमारे लिए समझौते का उल्लंघन माने जाएंगे। हालांकि अमेरिका ने यह नहीं बताया है कि क्या लेबनान इस अंतिम समझौते का हिस्सा था। लेकिन अरागची की बात युद्ध खत्म करने के उस समझौते के बारे में इजरायली अधिकारियों के बयानों से मेल नहीं खाती, जिसकी शुरुआत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों से हुई थी।

इजरायल इस समझौते का पक्षकार नहीं है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को इसे ट्रंप का फैसला बताया और कहा कि इजरायल की अपनी प्राथमिकताएं हैं और वह लेबनान में बफर जोन में जब तक जरूरी होगा तब तक बना रहेगा।

यह अस्पष्टता पिछली बातचीत के दौरान हुई घटनाओं जैसी ही है, जिसमें अप्रैल में हुआ अस्थायी युद्धविराम भी शामिल है। उस समझौते से व्यापक शांति या होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने का रास्ता नहीं बन पाया, क्योंकि अमेरिका और ईरान ने अलग-अलग रूपरेखाएं घोषित की थीं।

इस अंतर से पता चलता है कि शुक्रवार को जिनेवा में होने वाले औपचारिक हस्ताक्षर से पहले समझौते का कितना हिस्सा अभी भी अनसुलझा है।



## सरिताताल झील में गिरी पर्यटकों की कार, स्थानीय लोगों ने बचाई चार जानें

**नैनीताल।** घूमने के लिए मुरादाबाद से नैनीताल पहुंचे पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर सरिताताल में गिर गयी। स्थानीय लोगों की तत्परता से कार सवार चारों लोगों की जान बच गयी। मुरादाबाद निवासी आलम अपनी कार संख्या यूपी-21-सीसी-1213 से घूमने के लिए नैनीताल आये हुए थे। कार में बुलंदशहर निवासी उमेर समेत उनकी दो महिला मित्र भी सवार थी। सोमवार शाम कालाढूंगी से ऊपर को आते हुए सरिताताल के समीप कार अनियंत्रित हो गई। चालक कुछ समझ पाता कार सड़क किनारे पैराफिट तोड़ते हुए झील में समा गई। गनीमत रही कि झील की गहराई कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चारों पर्यटकों को बाहर निकाला। कोतवाल राजेन्द्र रावत ने बताया कि कार सवार चारों लोग सुरक्षित है।

## भारत-बांग्लादेश में नया कूटनीतिक तनाव

# ढाका ने भारतीय राजनयिक को किया तलब एयरपोर्ट पर रोके गए थे पीएम के सलाहकार

ढाका



भारत और बांग्लादेश के बीच एक बार फिर कूटनीतिक विवाद गरमा गया है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के एक वरिष्ठ सलाहकार के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर हुए व्यवहार को लेकर बांग्लादेश सरकार ने कड़ा विरोध जताया है।

अब इस मामले में ढाका में तैनात भारत के उप-उच्चायुक्त पवन बधे को सोमवार देर रात बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय द्वारा तलब किया गया और औपचारिक रूप से अपनी नाराजगी दर्ज कराई गई। इसके साथ ही बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने इस घटना को अवांछित और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

अधिकारियों के मुताबिक, बांग्लादेश सरकार के रणनीति सलाहकार जाहिद उर रहमान एक कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आए थे। जैसे ही वह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे, भारतीय अधिकारियों ने उन्हें वहीं रोक लिया।

इसके बाद जाहिद उर रहमान को एयरपोर्ट पर ही रोककर कई घंटों तक पूछताछ की गई। लंबी पूछताछ के बाद ही उन्हें एयरपोर्ट से बाहर जाने और अपने काम पर आगे बढ़ने की इजाजत दी गई। हलांकि इस घटना पर अभी तक भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से कोई आधिकारिक बयान या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

बता दें कि यह घटना ऐसे समय में हुई है जब दोनों देशों के रिश्ते बेहद संवेदनशील दौर से गुजर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश में हुए चुनावों में तारिक रहमान की जीत के बाद संबंधों में कुछ सुधार जरूर आया था, लेकिन दो बड़े मुद्दों पर अब भी दोनों देश आमने-सामने हैं।

साल 2024 में बांग्लादेश में हुए भारी विरोध प्रदर्शनों के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा था और तब से वे भारत में ही रह रही हैं। बांग्लादेश सरकार लगातार भारत से शेख हसीना को उन्हें सौंपने की मांग कर रही है, जिसे लेकर दोनों देशों में तनाव है।

बांग्लादेश का आरोप है कि भारतीय अधिकारी बिना तय प्रक्रियाओं का पालन किए, बिना दस्तावेजों वाले प्रवासियों को जबरन सीमा पार बांग्लादेश की तरफ धकेलने (पुश-इन) की कोशिश कर रहे हैं। बांग्लादेशी सुरक्षा बलों का दावा है कि उन्होंने हाल ही में ऐसी कई कोशिशों को नाकाम किया है।

# भवानीपुर के नतीजे को ममता ने कलकत्ता हाईकोर्ट में दी चुनौती

## विधानसभा चुनाव में शुभेंदु से मिली थी हार



कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में एक चुनावी याचिका दायर की। इसमें उन्होंने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजों को चुनौती दी है, जहां वे बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं। अधिकारी ने बनर्जी को उनकी ही सीट पर 15,105 वोटों के अंतर से हराया था। टीएमसी सूत्रों के मुताबिक, बनर्जी नतीजों को चुनौती देने वाली याचिका की पुष्टि करने के लिए हाई कोर्ट की रजिस्ट्री गई थीं। उनके साथ तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष और डोला सेन भी थे।

उन्होंने एक हलफनामा दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मतगणना में धांधली हुई है। बनर्जी की ओर से दायर चुनावी याचिका में भवानीपुर के नतीजों की न्यायिक समीक्षा की मांग की गई है। हालांकि जिन आधारों पर नतीजों को चुनौती दी गई है, उनकी जानकारी तुरंत उपलब्ध नहीं हो सकी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के वोटों की गिनती 4 मई को हुई थी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद अधिकारी राज्य में पहले बीजेपी के मुख्यमंत्री बने।

गौरतलब है कि इससे पहले, ममता ने 2021 में नंदीग्राम में शुवेंदु से हारने के बाद अदालत का रुख किया था। वह मामला आज तक सुलझा नहीं है।

## भूकंप के झटकों से हिला इंडोनेशिया, दहशत में घरों से बाहर निकले लोग

**जकार्ता।** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, मंगलवार सुबह इंडोनेशिया में 6.8 तीव्रता का तेज भूकंप आया। एनसीएस ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि यह भूकंप इंडोनेशिया में सुबह 08:57 बजे 45 किलोमीटर की गहराई पर आया। स्थानीय मीडिया संस्थान जकार्ता ग्लोब ने खबर दी है कि मंगलवार को पालू और सेंट्रल सुलावेसी के कुछ हिस्सों में भूकंप आने के बाद लोगों ने अपने घर खाली कर दिए। हालात पर नजर रखने वाले स्थानीय लोगों और अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा गया कि पालू, सिगी, डोंगगाला और टोजो उना-उना इलाकों में जोरदार झटके महसूस किए गए।

# दिल्ली में फ्रिज का कंप्रेशर फटने से तीन मंजिला इमारत में लगी आग, 12 लोगों को सुरक्षित बचाया

दक्षिणी दिल्ली



राजधानी दिल्ली में आग लगने की घटना लगातार होती जा रही हैं। ताजा मामला सैनिक फार्म के नजदीक राजू पार्क इलाके का है। दूसरे तल पर रखे फ्रिज का कंप्रेशर फटने से तीन मंजिली इमारत में आग लग गई। पुलिस व फायर ब्रिगेड ने न केवल आग पर काबू पाया, बल्कि आग और धुएं में घिरे 12 लोगों को स्थानीय निवासियों की मदद से सुरक्षित बचाया भी।

फायर ब्रिगेड के मुताबिक सोमवार रात 11.05 बजे घर में आग की लगने की पीसीआर कॉल आयी। पहले तीन गाड़ियां रवाना की गईं। तब तक मकान के दूसरी मंजिल और तीसरी मंजिल तक आग फैल चुकी थी। मौके पर नेब सराय थाने की टीम भी पहुंची। दोनों फ्लोर में लोग फंसे हुए थे, जिसमे बच्चे महिलाएं एवं पुरुष शामिल थे। दिल्ली पुलिस के जवानों ने तुरंत ऊपर आग वाली जगह पहुंचकर किसी को रस्सी के सहारे बालकनी से तो किसी को छत से दूसरे छत पर रेस्क्यू किया। पुलिस व फायर की टीम ने कुल 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बचाए गए लोगों में चार बच्चे, चार महिलाएं व चार पुरुष थे। फायर की गंभीरता को देखते हुए तीन अतिरिक्त गाड़ियां भी बुलाई गईं। स्थानीय लोगों के मुताबिक दूसरी मंजिल पर फ्रिज में शॉर्ट सर्किट से आग की शुरुआत हुई थी। फिर कंप्रेशर ब्लास्ट कर गया जिससे आग पूरे तल पर फैल गई और फिर आग तीसरी मंजिल तक पहुंच गई।

लोगों के मुताबिक दिल्ली पुलिस के जवानों ने बहादुरी और सूझबूझ का परिचय देते हुए सभी को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

हौजरानी, तुगलकाबाद एक्सटेंशन में आग लगने की घटना में जहां 26 लोग जान गंवा चुके हैं और कई लोगों का अब भी इलाज चल रहा है। इस तरह की घटनाओं में दिल्ली पुलिस के जवानों ने बहादुरी दिखाते हुए कई लोगों की जान भी बचाई है।

दिल्ली के कालकाजी में एक तीन मंजिला बिल्डिंग में बीते रविवार को भीषण आग लग गई। रेस्त्रां में लगी आग ने पास में रखे कमर्शियल सिलिंडर के धमाकों के चलते विकराल रूप ले लिया और लपटें तीसरे तल के ऊपर छत पर बने रेस्त्रां तक पहुंची। इस दौरान पड़ोस के मकान से बुजुर्ग महिला को सुरक्षित बचाया गया।

## पहले 6.3 तीव्रता का झटका, फिर कई आफ्टरशॉक... भूकंप से कांपी चीन की धरती

**बीजिंग।** चीन के किंघाई प्रांत के हाइक्सी प्रांत में मंगलवार को 6.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद अधिकारियों ने कम आबादी वाले और ऊंचे इलाके पर इसके असर का आकलन करना शुरू किया। चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, भूकंप स्थानीय समय के अनुसार शाम 5ः06 बजे आया। रॉयटर्स के अनुसार, जान-माल के नुकसान या किसी तरह की तबाही की कोई तत्काल खबर नहीं है। स्थानीय अधिकारियों ने आस-पास की बस्तियों और बुनियादी ढ़ांचे पर पड़ने वाले असर का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। चीन के पश्चिनी प्रांत, जिनमें किंघाई, सिचुआन और तिब्बत शामिल हैं, भूकंप के प्रति संवेदनशील हैं क्योंकि ये सक्रिय टेक्टोनिक फॉल्ट लाइनों पर स्थित हैं, जहां भारतीय और यूरेशियन प्लेटें आपस में टकराती हैं। लगातार हो रही भूवैज्ञानिक गतिविधियों के कारण इस क्षेत्र में पिछले कुछ सालों में कई बड़े भूकंप आए हैं। भूकंप विशेषज्ञों ने मुख्य झटके के बाद कई बार झटके दर्ज किए, जिनमें से एक की तीव्रता लगभग 5 थी। अधिकारी इस क्षेत्र में भूकंपीय गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

# उत्तराखंड के कर्णप्रयाग में निहंगों का तांडव: लोगों पर तलवारों से हमला

गोपेश्वर (चमोली)

सीमांत जनपद चमोली के कर्णप्रयाग क्षेत्र में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब मामूली विवाद के बाद कुछ सिख श्रद्धालुओं (निहंगों) ने स्थानीय लोगों पर तलवारों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में कई स्थानीय लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे बाजार में हड़कंप मच गया और चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें आला अधिकारियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घायलों को तत्काल नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।



वहीं, इस वारदात से आक्रोशित स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। हाईवे जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

विवाद की वजहः प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई थी, जिसने बाद में हिंसक रूप ले लिया।आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। प्रशासनिक सतर्कताः क्षेत्र में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद की शुरुआत बेहद मामूली बात को लेकर हुई थी। लेकिन देखते ही देखते बहस इतनी बढ़ गई कि श्रद्धालु उग्र हो गए और उन्होंने अपने पास रखी तलवारें निकाल लीं। हमलावरों ने बिना सोचे-समझे स्थानीय लोगों पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। अचानक हुए इस हमले से बाजार में भगदड़ मच गई।

## वह जोर-जोर से सांस ले रही थी, बंजी जंपिंग हादसे में मारी गई महिला के आखिरी पलों को नर्स ने किया याद

**साओ पाउलो।** ब्राजील में बिना लाइसेंस वाले बंजी-जंपिंग के दौरान एक पुल से लगभग 130 फीट नीचे गिरने से 21 साल की मारिया एडुआर्डा रोड्रिग्स डी फ्रीटास की मौत हो गई। इस घटना ने लोगों में गुस्सा पैदा कर दिया है और एडवेंचर स्पोर्ट्स में सुरक्षा मानकों की फिर से जांच की मांग उठाई है। यह जानलेवा हादसा साओ पाउलो राज्य में लाइमेरा और कॉर्डिरोपोलिस के बीच मौजूद पोंटे डो एस्केलेटो पर हुआ। यह एक्सट्रीम स्पोर्ट्स के लिए एक लोकप्रिय जगह है। जांचकर्ताओं के मुताबिक, रोड्रिग्स डी फ्रीटास को पुल से तब नीचे कुदा दिया गया जब उनकी हार्नेस से रस्सी जुड़ी ही नहीं थी। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में दिख रहा है कि इंस्ट्रक्टर उस युवती को अपने कंधों पर उठाते हैं और फिर उसे एक सुनसान इमारत के किनारे से धक्का दे देते हैं। कुछ ही पल बाद वहां मौजूद लोग घबराकर चिल्लाते हुए सुनाई देते हैं कि बंजी कॉर्ड जुड़ा हुआ नहीं था। इस मामले पर एक नर्स का बयान सामने आया है। ऑफ-ड्यूटी नर्स रायजा डायस ने बताया कि जब वह पुल के नीचे पहुंचीं तो रोड्रिग्स डी फ्रीटास जिंदा थी। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए डायस ने बताया कि उस युवा महिला तक पहुंचने की कोशिश में उन्हें ढलान वाली और कीचड़ भरी जगह से नीचे उतरना पड़ा।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# मैं वापस आऊंगा के मुरीद हुए अनुराग कश्यप



इम्तियाज़ की एक ब्लैक-एंड-व्हाइट फोटो शेयर करते हुए, कश्यप ने उन्हें मटनखोर निकनेम से बुलाया और अपने नोट के साथ जन्मदिन का मैसेज भी लिखा। उन्होंने फिल्म की क्रिएटिव टीम की भी तारीफ की और मज़ाक-मज़ाक में इम्तियाज़ से कहा कि वे उनके पसंदीदा सहयोगियों को चुराना बंद करें। मशहूर फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने अपने दोस्त और बेहतरीन डायरेक्टर इम्तियाज़ अली की नई फिल्म मैं वापस आऊंगा की जमकर तारीफ की है। कश्यप ने इस फिल्म को एक दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव बताते हुए दर्शकों से इसे बड़े पर्दे पर देखने की अपील की है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक पोस्ट में कश्यप ने इम्तियाज़ को उनके जन्मदिन की बधाई भी दी और फिल्म की क्रिएटिव टीम की सराहना की। इम्तियाज़ अली की एक ब्लैक-एंड-व्हाइट फोटो शेयर करते हुए अनुराग कश्यप ने बेहद दोस्ताना अंदाज में उन्हें मटनखोर निकनेम से बुलाया। कश्यप ने मज़ाक-मज़ाक में इम्तियाज़ से यह भी कहा कि वे उनके पसंदीदा सहयोगियों को अपनी फिल्मों में चुराना बंद करें। इम्तियाज़ की एक ब्लैक-एंड-व्हाइट फोटो शेयर करते हुए, कश्यप ने उन्हें मटनखोर निकनेम से बुलाया और अपने नोट के साथ जन्मदिन का मैसेज भी लिखा। उन्होंने फिल्म की क्रिएटिव टीम की भी तारीफ की और मज़ाक-मज़ाक में इम्तियाज़ से कहा कि वे उनके पसंदीदा सहयोगियों को चुराना बंद करें। उनकी पहली फिल्म चमकीला के बाद, उनकी दूसरी फिल्म %मैं वापस आऊंगा सिनेमाघरों में चल रही है। जाकर देखें और आई लव यू मटनखोर। उन्होंने आगे कहा,ऐसे ही प्रेरित करते रहो और हमारा दिल तोड़ते रहो। और यार, मेरे सभी पसंदीदा सहयोगियों को चुराना बंद करो। हम बाकियों को भी काम करना है। वैसे, जन्मदिन मुबारक हो। इस दिल तोड़ने वाले काम में आपके साथियों को भी बधाई कश्यप ने सिनेमैटोग्राफर सिल्वेस्टर फोंसेका, म्यूज़िक कंपोज़र ए.आर. रहमान और गीतकार इरशाद कामिल की भी तारीफ की। इम्तियाज़ अली द्वारा निर्देशित मैं वापस आऊंगा एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है जिसमें दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना, शरवरी और बनिता संधू मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 95 साल के ईशर सिंह ग्रेवाल (नसीरुद्दीन शाह) की कहानी है, जिन्हें आज के पाकिस्तान के सरगोधा जाने की कोशिश के दौरान स्ट्रोक आ जाता है। जैसे-जैसे उनकी यादें धुंधली होने लगती हैं, उनका पोता निर्वैर (दिलजीत दोसांझ) इंग्लैंड से उनके पास वापस आता है। ईशर की बिखरी हुई यादों के ज़रिए, बंटवारे से पहले की एक बेहद निजी प्रेम कहानी धीरे-धीरे सामने आती है, जिससे निर्वैर को अतीत के राज़ पता चलते हैं। मैं वापस आऊंगा 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई।

# गोविंदा के बालों का खुला राज! पत्नी बोलीं- हां, हेयर पैच लगाते हैं, इसमें बुरा क्या?



गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने अपनी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा पर्दे के पीछे रहकर अपने पति का करियर संभालने में बिताया है। लेकिन अब वे सोशल मीडिया और यूट्यूब के जरिए अपनी खुद की एक अलग पहचान बना रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में सुनीता ने बड़े ही मजाकिया अंदाज में बताया कि एक बार जब उनसे पूछा गया कि क्या गोविंदा 'GOAT' हैं, तो उन्हें इस शॉर्ट फॉर्म का मतलब ही नहीं पता था। उन्हें लगा कि सचमुच बकरी की बात हो रही है। सुनीता ने हंसते हुए कहा, मैंने तो बोल दिया कि मेरे पति बकरी नहीं हैं, मैं तो उन्हें शेर कहने वाली थी! अगर मुझे इसका असली मतलब पता होता, तो मैं तुरंत मान जाती क्योंकि गोविंदा से बेहतर कोई कलाकार नहीं है। इंटरव्यू के दौरान सुनीता ने गोविंदा के लुक्स और उनके बालों को लेकर भी एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बेहद कूल अंदाज में कहा कि गोविंदा आज भी बहुत हैंडसम लगते हैं, लेकिन पहले उनके असली बाल थे और अब वे %हेयर पैच% का इस्तेमाल करते हैं। सुनीता ने कहा, इसमें छुपाने जैसी कोई बात नहीं है। आजकल फिल्म इंडस्ट्री में चाहे पुरुष हों या महिलाएं, लगभग सभी एक्टर्स अपने बालों के लिए कुछ न कुछ ऐसा करवाते ही हैं। सुनीता ने अपनी लव स्टोरी शेयर करते हुए बताया कि उन्हें 15 साल की उम्र में गोविंदा से प्यार हुआ था और आज वे दोनों पिछले 43 सालों से साथ हैं।

# कल्कि- 2 के मेकर्स को मिल गया दीपिका पादुकोण का रिप्लेसमेंट, रेस में शामिल इस एक्ट्रेस का नाम?



साउथ सिनेमा के मशहूर निर्देशक नाग अश्विन की चर्चित फिल्म कल्कि के सीक्वल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसकी वजह पहले पार्ट की लीड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का फिल्म से बाहर होना है। लंबे समय में मेकर्स कल्कि के सीक्वल के लिए दीपिका का रिप्लेसमेंट तलाश रहे हैं। लेकिन अब जो खबर सामने आ रही है, उससे ये साफ नजर आ रहा है कि शायद कल्कि के मेकर्स को पार्ट 2 के लिए नई एक्ट्रेस मिल गई है। आइए जानते हैं रेस में किस अदाकारा का नाम शामिल है। साउथ सुपरस्टार प्रभास की अपकमिंग फिल्म कल्कि 2 का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साल 2024 में साइंस फिक्शन माइथोलॉजिकल फिल्म ने अपनी शानदार कहानी से सभी को प्रभावित किया था और मूवी ब्लॉकबस्टर साबित हुई। दीपिका पादुकोण ने इस मूवी में अहम किरदार निभाया था। लेकिन कल्कि के सीक्वल से दीपिका के बाहर होने से मेकर्स के लिए लीड एक्ट्रेस की मुसीबत खड़ी हो गई और लगभग एक साल बाद भी कल्कि पार्ट 2 के लिए कोई पक्का रिप्लेसमेंट नहीं मिल सका। मिड डे की खबर की मानें तो कल्कि 2 में अब बॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार आलिया भट्ट अपनी फ्रेंड दीपिका पादुकोण को रिप्लेस कर सकती हैं।

बताया जा रहा है कि कल्कि के मेकर्स आलिया से इस मामले को लेकर विचार विर्मश कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक कल्कि 2 में आलिया की एंट्री को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकती। इससे पहले कल्कि 2 को लेकर अभिनेत्री साई पल्लवी का नाम भी सामने आ चुका है। बता दें इस मूवी में प्रभास के अलावा अभिनेता अमिताभ बच्चन और कमल हासन ने भी लीड रोल प्ले किया है। हाल ही में ये खबर सामने आई कि कल्कि 2 की शूटिंग शुरू हो गई है और मेकर्स आने वाले समय में इसे जल्द से जल्द रिलीज करने की तैयारी में है। प्रभास और अमिताभ बच्चन ने अपने-अपने किरदारों के लिए शूट शुरू किया है। बता दें कि कल्कि में अमिताभ अश्वत्थामा और प्रभास कर्ण के किरदार में नजर आएंगे।

# शासन की योजनाओं ने लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया : पटेल

### विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल जनपद पंचायत चांवरपाठा व नगर परिषद तेंदूखेड़ा में जनकल्याण शिविर में शामिल हुए



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल सोमवार को जनपद पंचायत चांवरपाठा और नगर परिषद तेंदूखेड़ा में आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल हुए। उन्होंने हितग्राहियों व नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। जनकल्याण शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा शिविर लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं से अवगत कराया। विधायक श्री पटेल ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सेवाकाल के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण पर आधारित नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास, विश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जनधन, उज्ज्वला, पीएम किसान सम्मान निधि सहित अनेक योजनाएं संचालित कर महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीब कल्याण की दिशा में लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। आज भारत आत्मनिर्भर, डिजिटल नवाचार, आधुनिक अधोसंरचना और सशक्त नेतृत्व के बल पर विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है।

### मंत्री प्रहलाद पटेल आज मास्टर प्लान की बैठक लेंगे

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में 17 जून 2026 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहने को कहा है।

# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति की बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महाविद्यालय परिसर से बरसात के पानी का भराव की रोकथाम के लिए उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में महावि?द्यालय के खेल मैदान को सुरक्षित और निर्माण कार्य किए जाने पर चर्चा की गई। पुराने जीर्ण-शीर्ण एवं जर्जर हो चुके भवनों को डिस्मेंटल कर नवीन भवनों का यथा स्थान पर निर्माण किए जाने पर चर्चा हुई। परिसर में पूर्व से निर्मित प्रसाधन कक्षों की साफ-सफाई एवं मरम्मत के कार्यों को स्थानीय निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों से करवाने की सहमति दी गई। नवीन पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक व्यवस्था और एईडीपी पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षकों को आमंत्रित करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में ऑडिटोरियम हॉल को व्यवस्थित करने पर चर्चा की गई। ऑडिटोरियम में ए.सी. एवं एकास्टिक साउंड सिस्टम लगाया जा रहा है, जिससे विद्युत खपत में वृ?द्धि की संभावना है। इस पर सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले प्रति कार्यक्रम का किराया 3 हजार रुपये से बढ़ाकर 7 हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया। जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक में समिति सदस्य के रूप में श्री मनमोहन सलूजा, श्री सुनील कोठारी, श्री धर्मेन्द्र मानसाता, प्राचार्य व सचिव जनभागीदारी समिति डॉ. आर.बी. सिंह, सहा.प्रा. गणित व जनभागीदारी प्रभारी डॉ. गगन कुमार ताम्रकार, मुख्य कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री अरविंद किटहा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, प्रतिनिधि पोषक शाला के साथ महावि?द्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आलोक तिवारी एवं ग्रंथपाल श्री व्ही.के. झारिया मौजूद थे। बैठक के उपरांत कलेक्टर व अध्यक्ष जनभागीदारी समिति श्रीमती रजनी सिंह ने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कर नवनर्मित भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण एवं विद्यार्थियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

राज्य शासन के निर्देशानुसार मानसून सत्र में 15 जून से जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना आगामी आदेश तक जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 4 (कंट्रोल रुम) में की गई है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नरसिंहपुर श्रीमती रुबी खान को बाढ़ नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी और नायब तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नरसिंहपुर श्री गिरीश धुलेकर को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

# मंगल को सिंदूर चढ़ाओ लम्बी उम्र सदा तुम पाओ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भगवान की भक्ति ही सर्वेश्रेष्ठ है। भगवान की भक्ति और आराधना से कष्टों का निवारण होता है स्थाई सुख और शांति बनी रहती है।अत: नियमित रुप से हमे भक्ति और सत्संग अवश्य ही करना चाहिए।उक्ताशय के विचार नरसिंहपुर मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर के एन पी साहू ने आयोजित सत्संग सभा में व्यक्त किये। आध्यात्मिक काव्यपाठ के अन्तर्गत अखिल भारतीय कवि अशोक त्रिपाठी नरसिंहपुर ने भगवान राम और हनुमान जी महाराज पर अविस्मरणीय काव्यपाठ कर श्रोताओं को भावविभोर किया कुछ इस तरह से..राम सुखों के हैं सुख सागर,सुखों से भरते सबकी चादर,राम जगत के पालन कर्ता,पार लगाते जो भवसागर,भक्ति करके उनको पायें ,नव पीढ़ी को राम बनायें।कवि ने हनुमान जी महाराज की आराधना यूं की..मंगल को सिंदूर चढ़ाओ लम्बी उम्र सदा तुम पाओ,यश वैभव समृद्धि पाकर अपना जीवन सफल बनाओ,अपने परम पूज्य देवा से ले लो तुम बरदान,जय हो पवनपुत्र हनुमान ,जय हो पवनपुत्र हनुमान।।सब भक्तो की ओर से अन्त में कवि ने छंद कविता के माध्यम से प्रभु की प्रार्थना यूं की..मन हो भक्ति में लीन,जल में हो जैसे मीन,तैरने में हो प्रवीन,धार हमे दीजिए,वीर महावीर स्वामी,ज्ञानी ध्यानी अंतर्यामी हम हैं संसारी कामी,तार हमें दीजिए।।



पं.दयाराम दुबे ने हनुमान चालीसा सहित सुमधुर भजन प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में जे पी श्रीवास्तव दिनेश श्रीवास्तव महेश नेमा लक्ष्मीकांत सरावगी बी डी रूसिया पं मनीष गिरदोनिया राकेश शर्मा एस पी तिवारी गंगा राम साहू भागवती रामायणी अशोक नेमा बबलू नेमा गोविंद नेमा चौहान साहब एड अजय साहू सुभाष साहू रामचरण कश्यप तनू तरुण साहू अलख सोनकिया सहित अनेक भक्त गण उपस्थित थे। चोला वंदन और आभार प्रदर्शन राकेश शर्मा ने किया।

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, जनसुनवाई में आये 140 आवेदन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 140 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। पोटो पहचान एनएसपी २

**अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वालों पर कार्रवाई की जाए**-कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, वन मंडलाधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी और परिवहन अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग मिलकर जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वालों पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि खनिज निरीक्षक अपने- अपने क्षेत्रों का भ्रमण करें और खनिज स्थलों पर निगरानी रखें।



यह सुनिश्चित करें कि जिले में अवैध रेत खदानें संचालित न हो, इस पर भी नियंत्रण रखें। उन्होंने कल्याणपुर-चीचली क्षेत्र और नर्मदा नदी में मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने निर्देश दिए कि अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई हेतु पुलिस की मदद ली जाए। जिले में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन न हो।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रमाण पत्र वितरित**-कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशा मुक्ति से संबंधित कार्यशाला में नशा मुक्ति अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

कार्यशाला में श्री प्रशांत चौहान भोपाल एवं श्री समर्थ दंडोतिया मास्टर ट्रेनर भोपाल ने नशा मुक्ति से संबंधित नशा क्या है, नशा कौन करता है, नशा किन परिस्थितियों में किया जाता है, नशे के कारण, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है और नशे से उबरने के उपाय के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, ब्रह्माकुमारी, एनसीसीस, संगठनों के पदाधिकारी और नागरिक मौजूद थे।

## डीजल विक्रय पर अस्थायी विनियमन लागू, निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा मोटर स्पिरिट एवं उच्च वेग डीजल (खुदरा विक्रय केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय का अस्थायी विनियमन) आदेश 2026 लागू किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी डीजल खुदरा विक्रय केन्द्रों (पेट्रोल पंपों) द्वारा डीजल केवल वाहनों के टैंक में अथवा पेसो (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) द्वारा अनुमोदित कंटेनरों में ही विक्रय किया जाएगा। साथ ही एक दिन में एक ग्राहक/वाहन को अधिकतम 200 लीटर डीजल ही प्रदान किया जा सकेगा। यह भी निर्देशित किया गया है कि खरीदा गया डीजल पुन: बिक्री हेतु उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संस्थागत, औद्योगिक एवं व्यावसायिक उपभोक्ता खुदरा विक्रय केन्द्रों से डीजल एवं पेट्रोल की खरीदी नहीं करेंगे और अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति केवल अपने अधिकृत उपभोक्ता पंपों के माध्यम से ही करेंगे। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि उक्त आदेश के पालन हेतु जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं ऑयल कंपनियों के सेल्स अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

### फग्गन सिंह कुलस्ते का प्रवास कार्यक्रम जारी

**नरसिंहपुर।** सभापति, एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते 18 जून को जिले के प्रवास पर रहेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सभापति एससी/ एसटी कल्याण संबंधी समिति और सांसद श्री कुलस्ते गुरूवार 18 जून को विकासखंड गोटेगांव के ग्राम करकबेल में रहेंगे।

# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठक में सड़क सुरक्षा के लिए दिए निर्देश

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को ली। आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, मुख्य कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री अरविंद किटहा अरविंद किटहा, यातायात निरीक्षक श्रीमती ममता तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक में सड़क मार्गों में स्थित गड्ढों और साईड शोल्डरों का भराव किया जाए। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों पर साइन बोर्ड लगाने तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले के सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में यातायात व्यवस्था सुचारू एवं सुरक्षित रूप से संचालित हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

आयोजित बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बैहर तिराहा पर फ्लाई ओवर निर्माण हेतु प्रस्ताव और शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार करने के लिए सर्विस लाइन (ले-बाय) निर्माण के निर्देश दिए। जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे ब्लैक स्पॉट्स पर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को रोका जा सके। गाडरवारा नगर में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रिफ्लेक्टर, स्पीड लिमिट के सांकेतिक बोर्ड और सड़क के किनारे साइड सोल्डर बनाने के निर्देश दिए।

नरसिंहपुर के विपतपुरा अंडरपास में भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए हाईट बैरियर की ऊंचाई कम करने के निर्देश दिए गए, ताकि बड़े वाहन अंडरपास में प्रवेश न कर सकें और दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि के आदेश जारी किए

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4-4 लाख रुपये सहायता राशि स्वीकृत किए जाने के तीन अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक जिले की गाडरवारा तहसील के ग्राम घघरोलाखुर्द के निवासी किशनलाल नौरिया पिता सुक्का नौरिया कृषि कार्य करते समय करंट लगने से उनकी 15 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारसान उनकी पत्नी हल्कीबाई नौरिया को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति का आदेश जारी किया गया है।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कंटूर ट्रेंच निर्माण का किया जा रहा कार्य

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चिनकी स्थित श्रीराम आरण्यक पहाड़ी पर वर्षा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से कंटूर ट्रेंच निर्माण का कार्य मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में तेजी से किया जा रहा है। इस अभियान में परिषद की नवांकुर संस्था प्रवाह जन पुनरुत्थान समिति, ग्वारी, अखिल विश्व गायत्री परिवार इकाई, चिनकी, श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्थान, नरसिंहपुर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, चिनकी तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) से जुड़े परामर्शदाताओं एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में कंटूर ट्रेंचों का निर्माण कर वर्षाकाल में बहने वाले पानी को रोककर भूमि में समाहित किया जाएगा। इससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी।



## ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में लौटी रौनक, दोस्तों से मिलें विद्यार्थी

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

क्षेत्रीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार से विद्यालयों में फिर से रौनक लौटी। विद्यार्थी अपने मित्रों और शिक्षकों से मिले तथा नए उत्साह के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागी बने। इस अवसर पर समस्त शासकीय विद्यालयों में 16 से 30 जून 2026 तक स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत शाला प्रारंभ उत्सव आयोजित किया जा रहा है । इसके अंतर्गत ग्राम पाली (खेरी )की शासकीय प्राथमिक शाला में ग्राम की सबसे बुजुर्ग महिला के द्वारा स्कूल की घंटी बजाकर छात्र/छात्राओं को बुलाया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष शिवपाल धानक, स्वसहायता समूह अध्यक्ष जमना बाई ,भूरे मेहरा उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं उन्हें विशेष भोज दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक सिराज अहमद सिद्धिकी ने कहा कि इस साल हमने दर्ज संख्या को बढ़ाने के प्रयास किये हैं जिसमे सफलता भी मिली हैं।

# सीआईएसएफ जवानों और शहरवासियों की पहल रक्तदान शिविर में 32 लोगों ने किया महादान

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्थानीय शासकीय अस्पताल के ब्लड स्टोरेज यूनिट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मानव सेवा के कार्य में सीआईएसएफ के जवानों, रोटरी क्लब सदस्यों एवं शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 32 लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह शिविर संकल्प एक प्रतिज्ञा परिवार और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। शिविर में एनटीपीसी के सीआईएसएफ के जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही रोटरी क्लब के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शहर के जागरूक नागरिकों ने भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए रक्तदान किया।इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधन एवं सहयोगी संस्थाओं ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है।



इस अवसर पर शासकीय चिकित्सालय प्रभारी उपेंद्र वस्त्राकार, नरसिंहपुर टीम से डॉ. पल्लवी शर्मा, डॉ. मध्यांतेक, रोटरी क्लब से मिनेंद्र डागा, अशोक राजपूत, महेश रघुवंशी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई लैब टेक्नीशियन स्वप्निल चौरसिया और अनीश खान उपस्थिति दर्ज कराई गाडरवारा अस्पताल से निखिल साहू वए अजय घारु ने शिविर के सफल आयोजन में मुख्य रूप से अपना सहयोग प्रदान किया।

# कटनी में शहरी परिवहन को मिलेगी नई रफ्तार

## कलेक्टर की अध्यक्षता में दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की 20वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न

कटनी (स्वतंत्रमत)

शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की 20वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स बैठक सोमवार को कंपनी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, चार्जिंग अधोसंरचना के विस्तार, आधुनिक बस स्टैंड विकास तथा यात्री सुविधाओं को बढ़ाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के पांच प्रमुख स्थलों- प्रियदर्शिनी बस स्टैंड, झिंझरी बस स्टैंड, माधवनगर मित्तल कार्यालय के समीप, कलेक्ट्रेट के सामने एवं माधवनगर उपकार्यालय परिसर में चार्जिंग स्टेशन, कैफेटेरिया और पे-एंड-यूज शौचालयों के निर्माण एवं संचालन हेतु प्राप्त निविदा को स्वीकृति प्रदान की गई। कलेक्टर ने इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में कंपनी



की डायरेक्टर एवं महापौर, प्रबंध संचालक एवं नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल सहित कंपनी के अन्य संचालक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के लिए डीयूटीएफ फंड से कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार कराने की अनुशंसा की गई। यह योजना शहर के यातायात प्रबंधन और परिवहन सुविधाओं के विस्तार की दिशा तय करेगी। संचालक मंडल ने झिंझरी स्थित क्षेत्रीय बस स्टैंड में बस शेड, कैनोपी, फ्रंट एलिवेशन, लिफ्ट, ट्रस स्ट्रक्चर, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, मीटिंग हॉल एवं कार्यालय निर्माण सहित विभिन्न अधोसंरचनात्मक कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग स्टेशन एवं बस पिट शेड के लिए अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने की अनुशंसा भी की गई। बैठक में प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत कटनी शहर में 15 नए इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कलेक्ट्रेट, तिलक कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, मुड़वारा रेलवे स्टेशन, माधवनगर उपकार्यालय सहित विभिन्न शासकीय परिसरों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

### कटनी-रीवा और कटनी-जबलपुर मार्ग पर दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें

समीक्षा के दौरान बताया गया कि चार इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए योलो बस प्राइवेट लिमिटेड से अनुबंध किया जा चुका है। कलेक्टर ने कटनी-रीवा मार्ग पर दो तथा कटनी-जबलपुर मार्ग पर दो इलेक्ट्रिक बसों के संचालन हेतु आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। संचालक मंडल ने योलो बस कंपनी को एक सप्ताह के भीतर प्रोटोटाइप निरीक्षण तथा छह सप्ताह के भीतर चार्जिंग अधोसंरचना सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित समय में बस संचालन शुरू किया जा सके। परिवहन कंपनी की आय बढ़ाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न स्थानों पर पीपीपी मॉडल के तहत डिजिटल एवं गैर-डिजिटल मीडिया डिस्प्ले स्थापित करने के लिए एजेंसी चयन हेतु निविदा जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई। संचालक मंडल ने कंपनी के कार्यालयीन कार्यों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को आउटसोर्स आधार पर किराये पर लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इससे हरित एवं ऊर्जा दक्ष परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में एनयूएलएम के माध्यम से कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाओं की अवधि एक वर्ष बढ़ाने के प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में लिए गए निर्णयों से कटनी में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को नई गति मिलेगी। चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार, आधुनिक बस टर्मिनलों का विकास और इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शहर की परिवहन व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और पर्यावरण हितैषी बनाएगा।

# आईएसआई मार्का एवं हॉलमार्किंग ही गुणवत्ता की पहचान : हरिशंकर शुक्ल



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** दैनिक उपयोग की वस्तुये, हेलमेट, प्रेशर कुकर, गैस चुल्हा, लाइटर, टेलीविजन, पंखे, कूलर आदि की गुणवत्ता की परख आईएसआई मार्का तथा सोने के आभूषण की गुणवत्ता हॉलमार्किंग से ही पहचानी जाती है, गत दिवस भारतीय मानक व्यूरो के सहयोग से अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मानक व्यूरो के रिसोर्स परसन हरिशंकर शुक्ल ने प्रेमनगर, रफी अहमद किदवई वार्ड, कटनी में आयोजित स्वसहायता समूह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओ को प्रशिक्षण देते हुए कहा। शुक्ल ने कहा कि मानको द्वारा सशक्त महिलाओ का उजियारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है जिसमे महिला, सक्षम तथा सशक्त बने, ठगी से बचे, क्योकि मुट्ठी भर निर्माता, विक्रेताओ के माध्यम से नकली उत्पाद जान बूझकर बेच रहे है, जिन्हे रोकने के लिए सशक्त महिला, जानकार महिला, ही रोक सकती है, सम्पूर्ण देश मे स्वसहायता समूह की महिलाओ को प्रशिक्षण देने का कार्य भारतीय मानक व्यूरो द्वारा किया जारहा है। प्रीति सेन ने हॉलमार्किंग, मानकीकरण के साथ उपभोक्ता अधिकार तथा ठगी होने पर उपभोक्ता न्यायालय तक की सम्पूर्ण विधी उपस्थित सैकडो महिलाओ को बताया, तत्पश्चात प्रश्न पूछकर जानकारी भी लिया, तथा सभी के मोबाइल पर बीआईएस एप डाउन लोड कराया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रीती सेन, डॉ. एम.ए. खान, सुमन सैनी, सपना सेन, शीतल पांडेय, रितू मंडल ने भी अपने बिचार व्यक्त कर जानकारी दी।

# मानसून सत्र में अध्यादेश लाकर शिक्षकों के साथ न्याय करे सरकार

## सांसद बीडी शर्मा को राज्य शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी आगमन पर सांसद बी.डी. शर्मा से राज्य शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर शिक्षक संवर्ग से जुड़े टीईटी पात्रता संबंधी मुद्दे पर विस्तृत वार्ता कर ज्ञापन सौंपा तथा शिक्षकों के साथ न्याय करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को अवगत कराया कि वर्षों से सेवा दे रहे लाखों शिक्षक वर्तमान परिस्थितियों में टीईटी की अनिवार्यता के कारण असमंजस की स्थिति में हैं दशकों से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन कर रहे शिक्षकों के अनुभव, सेवा और योगदान को ध्यान में रखते हुए सरकार को मानवीय एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। संयुक्त मोर्चा ने मांग की कि आगामी मानसून सत्र में अध्यादेश लाकर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए अथवा लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों को इससे मुक्त किया जाए, जिससे देश एवं प्रदेश के लाखों शिक्षकों तथा उनके करोड़ों परिजनों के भविष्य की रक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह केवल शिक्षकों का नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की स्थिरता एवं सम्मान का भी विषय है। सांसद को शिक्षकों की समस्याओं, चिंताओं एवं मांगों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया तथा इस विषय को केंद्र में प्रभावी ढंग से उठाने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में जे.पी. हल्दकार, रमाशंकर राजू तिवारी, संजय मिश्रा, अखिलेश पांडेय, त्रिलोक डेहरिया, कैलाशधर बड़गैया, रवि सिंह, संदीप परिहार, संजय मिश्रा सहित संयुक्त मोर्चा के अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# सांसद ने गिनाई मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियां

## प्रधानमंत्री मोदी के लिए राजनीति सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है : संजय पाठक

कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विधायक संजय पाठक ने विजयराघवगढ़ के सभी सात मंडलों में अलग अलग स्थानों पर आयोजित जनकल्याण शिविर, चौपाल बैठक, लाभार्थी संपर्क जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर संवाद किया। जनकल्याण शिविर में हितग्राहियों को उनके हितलाभ का वितरण भी गया। इस दौरान जनकल्याण शिविर का शुभारंभ सांसद विष्णु दत्त शर्मा, सजंय पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन नगर परिषद अध्यक्ष पलक गौवर, संतोष केवट के द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुआ। जनता से संवाद करते हुए सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि सेवा व सुशासन का 12 वर्ष पूर्ण करने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली





केंद्र सरकार जनकल्याण, विकास और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। इसमें पक्के घर, स्वच्छ पेयजल और मुक्त इलाज आयुष्मान भारत जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल है। जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जो भी लोग अब तक किन्हीं कारणों से योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं वह तीन दिनों तक चलने वाले शिविर व मेले में अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। विधायक संजय पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कार्यकाल के 12 सफल वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल सेवा करने का रहा है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राजनीति सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है जैसा कि देश की 150 करोड़ जनता जानती भी है। कार्यक्रमों में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, मनीष देव मिश्रा, मृदुल मिश्रा, राजेश पटेल, रंगलाल पटेल, अजय पप्पू शर्मा, मनीषा शर्मा, गुरुदीप बेदी, भवानीराजा मिश्रा, श्रीराम सोनी, विवेक सिंह बघेल, प्रमोद सोनी आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रेक्षक ने की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निर्वाचन हेतु नियुक्त प्रेक्षक एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी अरुण पांडेय ने सोमवार को कटनी जिले में नगरीय निकायों और पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण-2026 कार्य की समीक्षा बैठक लेकर प्रगति का जायजा लिया। बैठक में प्रेक्षक पांडेय ने मतदाता सूची के शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन निर्माण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र नामों के विलोपन तथा दावों-आपत्तियों के त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में जिला उप निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर जीतेंद्र पटेल सहित जिले के सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रेक्षक को जिले में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति से अवगत कराया। प्रेक्षक ने निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। विदित हो कि राज्य निर्वाचन आयोग ने पांडेय को नगरीय निकायों और पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण-2026 के कार्य पर निगरानी के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया है।



# कलेक्टर जनसुनवाई में सुन रहे लोगों की समस्याएं

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दे रहे हैं। कलेक्टर अब तक 58 आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को सुन कर निराकरण के निर्देश दे चुके हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद हैं।

# मोहर्रम पर्व के संबंध में थाना विजयराघवगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आगामी मोहहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना विजयराघवगढ़, जिला कटनी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवागत एएसपी कमल मौर्य द्वारा की गई। बैठक में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, नायब तहसीलदार महोदय विजयराघवगढ़ सुनील श्रीवास्तव, विद्युत विभाग के अधिकारी, उपस्थित जन सामान्य उदयराज सिंह, लक्ष्मण सिंह, मनीष मिश्रा, श्यामसुन्दर गुप्ता, फयुजिद्दीन, मोह. अलताफ, शेख जमील, मोह. सकील, मोह. मुस्ताक, नूर मोहम्मद सिद्दकी, मोह. इस्तहाक, अरविंद बड़गैया, बलराम सोनी, अब्दुल खलील, महेन्द्र चैरसिया, एवम क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं शांति समिति के सदस्यों ने सहभागिता की। बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व के अवसर पर निकाले जाने वाले ताजिया जुलूस, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, साफ-सफाई, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित नागरिकों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श किया गया। एएसपी कमल मौर्य ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने मोहहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबंधन को लेकर भी चर्चा हुई जिसमें थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि जल भराव वाले स्थान या बाढ की स्थिति में नदी नालों के ऊपर पानी की स्थिति में सड़क पार ना करें साथ ही वर्षा ऋतु में सर्पदंश के मामलों को निवारित करने के उपाय भी बताए गए लोगों से अपील की गई है कि मामलों के सामने आते ही तत्काल अस्पताल पहुंचकर इलाज करना शुरू करें।

# अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक का झिंझरी क्षेत्र भ्रमण



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले में अपराधों की रोकथाम एवं सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 जून को पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी झिंझरी क्षेत्र अंतर्गत एनएच-30 स्थित पीरबाबा बायपास एवं गुलबारा बायपास जैसे अति संभावित दुर्घटना क्षेत्रों तथा विभिन्न शैडो एरिया का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दुर्घटना संभावित स्थलों का जायजा लेते हुए सड़क सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही अपराधों की रोकथाम एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हाइवे पर नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने तथा शैडो एरिया में निरंतर गश्त एवं निगरानी रखने के निर्देश दिए।

# कटनी में विभिन ट्रेनों के स्टॉपेज के संबंध में सांसद विवेक तन्खा ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

## ट्रेनों के स्टॉपेज से होगी राजस्व में वृद्धि, दिव्यांशु मिश्रा ने जताया आभार





कटनी (स्वतंत्रमत)

व्यापारिक एवं माइनिंग हब होने के साथ साथ कटनी एक बड़ा रेलवे जंक्शन भी है, उक्त बात की गंभीरता को समझते हुए राज्यसभा सदस्य विवेक तनखा ने कटनी में लंबे समय से उठाई जाने वाली अनेकों ट्रेनों के कटनी ठहराव के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तनखा ने समाजसेवी दिव्यांशु मिश्रा-अंशु के आग्रह पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिख कर विभिन दिशाओं को जाने वाली ट्रेन क्रमशः गाड़ी क्रमांक 12141/42 राजेंद्र नगर कुर्ला, गाड़ी क्रमांक 11055/56 एलटीटी गोरखपुर गोदाम एक्सप्रेस, गाड़ी क्रमांक 11059/60 एलटीटी छपरा एक्सप्रेस, गाड़ी क्रमांक 11053/54 एलटीटी आजमगढ़ एक्सप्रेस, गाड़ी क्रमांक 12293/94 एलटीटी दूरंतो सुपर एक्सप्रेस, गाड़ी क्रमांक 22111/12 अमृत भारत अयोध्या एक्सप्रेस के कटनी स्टेशन पर ठहराव की मांग की है। साथ ही उन्होंने पुणे महाराष्ट्र को जाने के लिए कटनी से मात्र एक ट्रेन पुणे पटना 12149/50 जिसमे रिजर्वेशन की भी भारी किल्लत होती है, इस रूट पर भी एक नई ट्रेन चलने की बात पत्र में की है एवं तनखा ने विकल्प के रूप में शहडोल नागपुर एक्सप्रेस को 11201/02 को पुणे तक चलाये जाने की माँग भी की है। उन्होंने बताया है कि कटनी में कटनी मुंडवारा एवं साउथ स्टेशन प्रारंभ हो जाने से ट्रैफिक कम हुआ है, इन ट्रेनों के कटनी ठहराव से राजस्व में वृद्धि होगी एवं जिले एवं आजु बाजु के छोटे जिलों से कटनी आने वाले यात्रियों को बड़ी राहत पहुंचेगी। कटनी निवासी समाजसेवी कमल मोहननी के पत्र के जवाब में सरकार ने पूर्व में बताया है कि उक्त ट्रेनों के ठहराव का प्रस्ताव रेल मंत्रालय के पास भेजा जा चुका है। तनखा ने इन ट्रेनों के ठहराव की बात राज्यसभा के माध्यम से भी सरकार तक पहुँचाने का वादा किया है।

# नगर पालिका निगम द्वारा प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका निगम कटनी द्वारा आयोजित नगर पालिका निगम आयुक्त तपस्या सिंह परिहार के संरक्षण व निर्देशन, आदेश जैन के नियंत्रण, नगर पालिक निगम द्वारा संचालित विभिन्न स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक/शिक्षिकाओं के सहयोग से 5 जून से 15 जून तक 14 विधाओं (इवेंट्स) में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें कुकिंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य, गायन, वादन, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, स्केटिंग, कबड्डी, क्रिकेट, सेल्फ डिफेंस, चैस का प्रशिक्षण प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य ध्येय बच्चों की शारीरिक मानसिक स्थिति को सुदृढ़ व मजबूत बनाना जिससे वह अपने भविष्य को सही रास्ते पर ले जाने पाए। शिविर में लगभग 250 छात्र/छात्राओं ने शामिल होकर इसका लाभ उठाया। सभी अभिभावकों व कटनी नगर के खेल प्रेमियों ने कटनी नगर पालिका निगम की इस पहल की सराहना की आभार व्यक्त कर उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी और भी भव्य आयोजन नगर पालिका निगम द्वारा किए जाएंगे।

# सीरीज कब्जाने उतरेगी टीम इंडिया

लखनऊ (वार्ता)

भारत बुधवार को लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में अफ़गानिस्तान के खिलाफ़ दूसरे वनडे में तीन मैचों की सीरीज़ जीतने की कोशिश करेगा। पहले मैच में शानदार जीत के बाद भारत 1-0 से आगे है। वहीं, अफ़गानिस्तान के लिए सीरीज़ में बने रहने के लिए यह मैच जीतना ज़रूरी है। पहले वनडे में रहमानुल्लाह गुरबाज़ के शानदार शतक के बावजूद उनकी टीम की बल्लेबाज़ी लड़खड़ा गई थी। मेहमान टीम उस व्यक्तिगत शानदार प्रदर्शन से आत्मविश्वास तो लेगी, लेकिन एक मज़बूत भारतीय टीम को चुनौती देने के लिए उन्हें कहीं ज़्यादा सामूहिक प्रयास की ज़रूरत होगी।

## अफ़गानिस्तान के गुरबाज़ की तूफ़ानी बल्लेबाज़ी

पहले वनडे में दोनों टीमों के बीच कुल क्षमता का अंतर साफ़ दिखा। जहाँ गुरबाज़ की तूफ़ानी बल्लेबाज़ी की बदौलत अफ़गानिस्तान ने एक अच्छा स्कोर खड़ा किया, वहीं उनके आउट होते ही टीम की पारी तेज़ी से बिखर गई। इससे उनका मिडिल ऑर्डर कमज़ोर साबित हुआ, जो दबाव में स्ट्राइक रोटेट करने और पार्टनरशिप बनाने में संघर्ष करता दिखा। इसके उलट,



भारत ने आसानी से लक्ष्य का पीछा किया, जिससे उनकी बल्लेबाज़ी की गहराई और रणनीतिक लचीलापन दोनों ही साबित हुए। शुभमन गिल ने टॉप ऑर्डर में अपना शानदार फ़ॉर्म जारी रखा और आसानी व नियंत्रण के साथ पारी को संभाले रखा। ईशान किशन को नंबर तीन पर भेजने से मिडिल ओवरों में आक्रामकता आई, जबकि फ़िनिशर के तौर पर केएल राहुल की भूमिका तुरंत फ़ायदेमंद साबित हुई और उन्होंने निचले मिडिल ऑर्डर में शांत और भरोसेमंद खेल दिखाया।

**गेंदबाज़ी यूनिट ने भी अनुशासित प्रदर्शन किया**-भारतीय गेंदबाज़ी यूनिट ने भी सीरीज़ के पहले मैच में अनुशासित प्रदर्शन किया और पेस व स्पिन का अच्छा मिश्रण दिखाया। अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवा विकल्पों के आने से भारत को पारी के अलग-अलग चरणों में विकेट लेने के कई विकल्प मिले हैं, जिससे किसी एक ही गेंदबाज़ पर हावी होने का दबाव कम हुआ है। अफ़गानिस्तान के लिए मुख्य चिंता अपने टॉप ऑर्डर पर ज़्यादा निर्भरता है। इब्राहिम ज़द्रान लगातार अच्छा खेल रहे हैं और गुरबाज़ उनके सबसे खतरनाक बल्लेबाज़ हैं, लेकिन मिडिल ऑर्डर से कोई खास योगदान न मिलने के कारण उन्हें बार-बार मोमेंटम गंवाना पड़ा है। अगर अफ़गानिस्तान को 50 ओवर तक मुक़ाबला करना है, तो कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को बल्लेबाज़ी का ज़्यादा स्थिर ढांचा तैयार करना होगा।

### संतुलित मुक़ाबला होने की उम्मीद

लखनऊ के एकाना स्टेडियम में बल्ले और गेंद के बीच संतुलित मुक़ाबला होने की उम्मीद है, जहाँ ऐतिहासिक रूप से कम से मध्यम स्कोर वाले हालात रहे हैं। पिच आम तौर पर गेंदबाज़ों, खासकर स्पिनरों की मदद करती है, जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है। इस मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को थोड़ा फ़ायदा रहा है, इसलिए टॉस एक अहम भूमिका निभा सकता है। मौसम के बहुत गर्म रहने और तापमान के 40डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने की उम्मीद है, लेकिन आसमान साफ़ रहने से बिना किसी रुकावट के पूरा मैच होने की संभावना है।

### भारत इस मुक़ाबले में मज़बूत दावेदार

भारत इस मुक़ाबले में मज़बूत दावेदार के तौर पर उतरेगा; इसकी वजह न सिर्फ़ घरेलू फ़ायदा और टीम की गहराई है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफ़गानिस्तान के खिलाफ़ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में उनका हालिया दबदबा भी है। लखनऊ में जीत से भारत एक मैच बाकी रहते ही सीरीज़ अपने नाम कर सकता है, जबकि अफ़गानिस्तान को मुक़ाबले में बने रहने और फ़ाइनल मैच तक बात ले जाने के लिए हाल के समय के अपने सबसे बेहतरीन प्रदर्शन में से एक करना होगा।

# जापान को 2-1 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

आकलैंड (वार्ता)



मंगलवार को न्यूज़ीलैंड के ऑकलैंड में नॉर्थ हार्बर नेशनल हॉकी सेंटर में खेले गए पूल ए के अपने दूसरे मैच में जापान को 2-1 से हराकर भारतीय हॉकी टीम ने एफआईएच महिला नेशंस कप 2025-26 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। हॉकी रैंकिंग में नौवें स्थान पर मौजूद भारत के लिए कप्तान और प्लेयर ऑफ़ द मैच सलीमा टेटे (33वें मिनट) और लालरेम्सियामी हमारज़ोटे (49वें मिनट) ने गोल किए, जबकि दुनिया की 15वें नंबर की टीम जापान के लिए एकमात्र गोल हिरामित्सु आई (35वें मिनट) ने किया। यह मिडफील्डर ज्योति के लिए भी यादगार मैच रहा, क्योंकि उन्होंने अपना 100वां सीनियर इंटरनेशनल हॉकी मैच खेला। इस जीत के साथ ही, अमेरिका और जापान के खिलाफ जीत हासिल करने वाली अजेय भारतीय टीम छह अंकों के साथ पूल ए की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। पहला हाफ काफी कड़ा रहा, जिसमें दोनों टीमों ने मौके बनाए, लेकिन हाफ-टाइम तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। तीसरे क्वार्टर में खेल में तेजी आई और भारत ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर वेरिएशन का शानदार इस्तेमाल करते हुए पहला गोल किया। निक्की प्रधान ने नवनीत कौर के शॉट को सलीमा की तरफ बेहतरीन ढंग से डिफ्लेक्ट किया और भारतीय कप्तान ने बिना कोई गलती किए गेंद को नेट में पहुंचाकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। जापान ने दो मिनट बाद ही इसका जवाब दिया, जब हिरामित्सु ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। आखिरी क्वार्टर में रोमांचक मुकाबले के बीच, भारत की लालरेम्सियामी ने 49वें मिनट में विजयी गोल दागा। सुशीला चानू पुखरामबम ने सर्कल के किनारे से गोल की ओर एक सटीक पास दिया जो लालरेम्सियामी तक पहुंचा; उन्होंने गेंद को डिफ्लेक्ट करके नेट में पहुंचा दिया और भारत को जीत दिलाने में मदद की। भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को नेशंस कप में पूल, के अपने आखिरी मैच में उरुग्वे से होगा। नेशंस कप का विजेता हॉकी प्रो लीग में प्रमोशन हासिल करेगा। भारत ने 2022 में हुए पहले महिला नेशंस कप को जीतकर प्रमोशन हासिल किया था। इस सीज़न में टूर्नामेंट का महत्व और बढ़ गया है, क्योंकि प्रो लीग का 2026-27 सीज़न लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफ़ायर भी होगा।

## ईरान बनाम न्यूजीलैंड मैच 2-2 से ड्रा रहा

**लॉस एंजिल्स (वार्ता)** ईरान ने अपने 2026 फीफा विश्व कप अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ एक रोमांचक और कांटे की टक्कर वाले मुकाबले में 2-2 ड्रॉ के साथ की, इस दौरान न्यूजीलैंड की टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया। लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में एलिजा जस्ट ने दो बार न्यूजीलैंड को बढ़त दिलाई, लेकिन ईरान के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हर बार शानदार वापसी की। रामिन रेजाइयन ने गोल किया और मोहम्मद मोहेबी को असिस्ट किया, जिससे ईरान ने लॉस एंजिल्स में जोरदार समर्थन के बीच आक्रामक खेल दिखाया।

**स्पेन बनाम केप वेंड मुकाबला गोल रहित ड्रा रहा**

**अटलांटा (वार्ता)।** खिलाड़ियों के शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन की बदौलत अफ्रीकी देश केप वर्डे ने मौजूदा यूरोपीय चैंपियन और 2026 विश्व कप के प्रबल दावेदार स्पेन के खिलाफ मुकाबला गोल रहित ड्रॉ खेला। दोनों टीमों ने अंक बांटे मुकाबले की शुरुआत से ही की मजबूत रणनीति अपनाते हुए अफ्रीकी देश केप वर्डे ने लामिन-यामल के बिना खेल रही स्पेन को इस हद तक बेअसर कर दिया कि स्पेन के सेंटर फॉरवर्ड मिकेल ओयार्ज़ाबल को शुरुआती आधे घंटे तक गेंद को छूने का भी मौका नहीं मिला।

**मिस्र बनाम बेल्जियम मुकाबला 1-1 से रहा ड्रॉ**

**सिएटल (वार्ता)।** फीफा विश्वकप 2026 के ग्रुप जी में मिस्र और बेल्जियम के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबला 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ और दोनों टीमों ने अंक बांटे। सिएटल स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में मिस्र ने मैच की शुरुआत में ही बेहतर प्रदर्शन किया और मोहम्मद सलाह के पास पर इमाम अशूर ने बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट लगाकर थिबाउट कर्टोइस को पछाड़ते हुए बढ़त बना ली।

**सऊदी अरब बनाम उरुग्वे मुकाबला 1-1 से रहा ड्रा**

**मियामी (वार्ता)।** सऊदी अरब और उरुग्वे के बीच खेला गया फीफा विश्वकप 2026 ग्रुप एच का मुकाबला दोनों ओर से आक्रामक प्रदर्शन के बावजूद 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इसी के साथ ग्रुप एच में सभी टीमें एक-एक अंक पर बराबरी पर आ गईं।

# भारत का लक्ष्य नीदरलैंड के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखना

लीड्स (वार्ता)

भारत बुधवार को लीड्स में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे ग्रुप ए मैच में नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हालाँकि भारत ने अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान पर 64 रन की शानदार जीत के साथ की, फिर भी कुछ ऐसे क्षेत्र थे जिनमें सुधार की आवश्यकता थी। शीर्ष क्रम में स्मृति मंधाना की धाराप्रवाह 68 रन और ऋचा घोष के देर से कैमियो ने भारत को प्रतिस्पर्धी कुल स्कोर बनाने में मदद की, लेकिन बाकी बल्लेबाजी लाइन-अप महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सकी। सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा जल्दी आउट हो गईं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अच्छी शुरुआत की और इसे बड़े स्कोर में तब्दील नहीं किया। मध्यक्रम की बल्लेबाज भारती फुलमाली को भी निराशाजनक प्रदर्शन का सामना



करना पड़ा। ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभी भी कड़े मैच होने बाकी हैं, ऐसे में भारत अपने बल्लेबाजों से अधिक निरंतरता की उम्मीद कर रहा होगा। पाकिस्तान के खिलाफ क्षेत्ररक्षण चिंता का एक अन्य क्षेत्र था। भारत ने पारी की शुरुआत में कुछ मौके गँवाए लेकिन बाद में कुछ तेज़ कैचों से सुधार किया। गेंदबाजी विभाग में, स्पिनर दीप्ति शर्मा और श्री चरणी ने आठ विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। दीप्ति ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनने के लिए 5/10 के उत्कृष्ट आंकड़े लौटाए, जबकि चरणी ने तीन विकेट के साथ अपनी प्रभावशाली वृद्धि जारी रखी। हालाँकि, तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए और नीदरलैंड के खिलाफ शुरुआती सफलता दिलाने के लिए उत्सुक होंगे। डच टीम बांग्लादेश से छह विकेट से हार के बाद प्रतियोगिता में प्रवेश कर रही है और उसे सभी विभागों में महत्वपूर्ण सुधार की आवश्यकता होगी। उस हार पर विचार करते हुए, नीदरलैंड के कप्तान बैबेट डी लीडे ने कहा मुझे लगता है कि खेल के सभी तीन पहलुओं में, यह वह आग नहीं थी जिसकी हमें उम्मीद थी। बल्ले से, मुझे लगता है कि हम कुछ रन कम थे। हम वास्तव में कभी नहीं चल पाए। हमने रास्ते में कई विकेट खो दिए। मुझे लगता है कि मैदान में भी बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन किया। फील्डिंग के दौरान हमने पारी में कुछ कैच छोड़े। इसलिए मुझे लगता है कि सीखने के लिए बहुत कुछ है, कुल मिलाकर एक बेहतरीन अनुभव से बहुत कुछ सुधारने की जरूरत है। भारत प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा लेकिन आगे आने वाली कठिन चुनौतियों से पहले गति बनाने के लिए खेल का उपयोग करने के लिए उत्सुक होगा।

## चैंपियन अर्जेंटीना और मेसी अपने खिताब का बचाव करने के लिए तैयार

**कैनसस सिटी (वार्ता)।** अर्जेंटीना 17 जून को अल्जीरिया के खिलाफ अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत करेगा। मौजूदा चैंपियन शानदार जीत के साथ अपने खिताब का बचाव शुरू करना चाहेंगे। 2022 में ट्रॉफी जीतने के बाद, लियोनेल मेसी और उनकी टीम एक बार फिर खिताब की प्रबल दावेदारों में शामिल होगी। वहीं, अल्जीरिया भी अच्छे नतीजों के बाद आत्मविश्वास के साथ टूर्नामेंट में उतर रहा है। अनुभवी और युवा अटैकिंग टैलेंट वाली अपनी प्रतिभाशाली टीम के साथ, वे मौजूदा चैंपियन को चुनौती देने और शुरुआत में ही अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। इस बीच अर्जेंटीना के डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी ने चेतावनी दी है कि मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अल्जीरिया



के खिलाफ अपने खिताब के बचाव की शुरुआत करते समय कतर 2022 के बुरे सपने को दोहराने का जोखिम नहीं उठा सकती, क्योंकि हर कोई हमें हराना चाहेगा। सोमवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, 38 वर्षीय सेंटर-बैक - जो अपना चौथा वर्ल्ड कप खेल रहे हैं - ने कहा कि चार साल पहले अर्जेंटीना की शुरुआती चौंकाने वाली हार की याद अभी भी एक बड़ा सबक है। ओटामेंडी ने कहा, मुझे लगता है कि मैं हर दिन और अपने साथियों के साथ समय का आनंद लेता हूं, और यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका मैं बहुत आनंद लेता हूं।अपने चौथे वर्ल्ड कप में होना, सच कहूं तो यहां होने और अपने देश का प्रतिनिधित्व करने से बेहतर कुछ नहीं है। मैं यहां होने और मुकाबला करने, खिताब का बचाव करने के मौके के लिए बहुत खुश हूं, और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। हम इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। ओटामेंडी ने कहा कि वर्ल्ड और कॉन्टिनेंटल चैंपियन के तौर पर टूर्नामेंट में आने वाली अर्जेंटीना ने अमेरिका में इकट्ठा होने से काफी पहले ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी, साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मैच शुरू होने के बाद पसंदीदा टीम माने जाने का कोई खास मतलब नहीं रह जाता।

# चावल, गेहूं, चीनी, दालों के दाम बढ़े, तेलों में उतार-चढ़ाव

नयी दिल्ली (वार्ता)

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 20 रुपये बढ़कर 3,917 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं छह रुपये मजबूत हुआ और 2,791 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गयी। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 49 रुपये और चना दाल की 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मसूर दाल 25 रुपये और मूंग दाल 23 रुपये महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर



ही टिकी रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 93 रिंगिट चढ़कर 4,578 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 प्रतिशत टूटकर 68.85 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 63 रुपये और वनस्पति की 28 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंगफली तेल 17 रुपये और सोया तेल 15 रुपये महंगा हुआ। वहीं, सूरजमुखी तेल की कीमत 69 रुपये और पाम ऑयल की 23 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी 10 रुपये महंगी हुई।दाल चना 7722 रुपये, मसूर काली 8156.27 रुपये, मूंग दाल 10166.65 रुपये, उड़द दाल 10913.90 रुपये, तुअर दाल 11239.32 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2791.36 रुपये और चावल 3917.33 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3253.84 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4352.70 रुपये और गुड़ 5078.79 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## भारी उतार-चढ़ाव के बाद रुपया दो पैसे की गिरावट में बंद

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में मंगलवार को रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया और अंत में यह दो पैसे टूटकर 94.60 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दोपहर बाद एक समय रुपया अचानक 102 पैसे की मजबूती के साथ 93.56 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंच गया था। लेकिन जिस तेजी के साथ यह ऊपर गया था उसी तेजी से 94.52 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया। यह भारी उतार-चढ़ाव आधे घंटे के भीतर देखने को मिला। कच्चे तेल में नरमी और शेयर बाजारों में तेजी से रुपये को समर्थन मिला, लेकिन कम भाव पर डॉलर की लिवाली आने से बाद में भारतीय मुद्रा दबाव में आ गयी। यह 11 पैसे टूटकर 94.69 रुपये प्रति डॉलर पर खुली थी। इसका दिन का उच्चतम स्तर 93.56 रुपये और निचला स्तर 94.72 रुपये प्रति डॉलर रहा।

## वेलकम होटल बाय आईटीसी होटल्स जबलपुर को मिला 5 स्टार दर्जा

### महाकौशल क्षेत्र की पहली ब्रांड 5 स्टार होटल बनी

**जबलपुर।** शहर और महाकौशल क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि वेलकम होटल बाय आईटीसी होटल्स जबलपुर को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आधिकारिक रूप से 5 स्टार होटल का दर्जा प्रदान किया गया है। मंत्रालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र के साथ यह होटल अब महाकौशल क्षेत्र की पहली 05 स्टार ब्रांड होटल के रूप में स्थापित हो गई है। इस उपलब्धि से जबलपुर की पर्यटन, आतिथ्य एवं व्यावसायिक गतिविधियों को नई पहचान मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय मानकों के



अनुरूप विकसित यह होटल अतिथियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं एवं सेवाएं प्रदान कर रही है। ए.आर.वी. होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नवांशु जैन ने बताया कि वेलकम होटल बाय आईटीसी होटल्स को 5 स्टार श्रेणी में शामिल किया जाना पूरे महाकौशल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि होटल में देश-विदेश से आने वाले मेहमानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की आतिथ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि होटल में 122 आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त कमरे, भव्य पार्टी हॉल, उत्कृष्ट रेस्टोरेंट, अत्याधुनिक मीटिंग एवं कॉन्फ्रेंस हॉल सहित अनेक प्रीमियम सुविधाएं उपलब्ध हैं। व्यवसायिक बैठकों, सामाजिक आयोजनों, विवाह समारोहों एवं पर्यटन के उद्देश्य से आने वाले अतिथियों के लिए यह होटल एक आदर्श गंतव्य के रूप में विकसित हुई है।

## निर्यात किये जाने वाले डीजल-विमान ईंधन पर उत्पाद शुल्क बढ़ा



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच सरकार ने निर्यात किये जाने वाले डीजल और विमान ईंधन पर उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया है। डीजल के पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में 50 पैसे और विमान ईंधन पर तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गयी है। वित्त मंत्रालय की सोमवार देर रात जारी अधिसूचना में बताया गया है कि नयी दरें 16 जून 2026 से लागू होंगी। यह बदलाव ऐसे समय में किया गया है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में नरमी देखी जा रही है। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा आज दो प्रतिशत टूटकर 81.5 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। सोमवार को इसमें पांच प्रतिशत की गिरावट देखी गयी थी। निर्यात वाले डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13.5 रुपये से बढ़ाकर 14 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। विमान ईंधन पर अब 9.5 रुपये की जगह 12.5 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क लगेगा। वहीं, निर्यात किये जाने वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 1.50 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रखा गया है। इन दरों में पिछली बार 01 जून को बदलाव किये गये थे। उस समय निर्यात वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 1.50 रुपये, डीजल पर तीन रुपये और विमान ईंधन पर 6.50 रुपये घटाये गये थे।

# शांति समझौते की उम्मीद में चढ़े शेयर बाजार

### सेंसेक्स सवा महीने के उच्चतम स्तर पर

मुंबई (वार्ता)

ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौते की घोषणा के बाद घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सवा महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह बढ़त के साथ खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। अंत में यह 544.15 अंक (0.71 प्रतिशत) ऊपर 76,808.48 अंक पर बंद हुआ। यह 08 मई के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर 19 जून को स्विटजरलैंड में हस्ताक्षर होंगे। शांति समझौते की घोषणा के बाद से ही कच्चे तेल में गिरावट बनी हुई है। आज यह 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया। इससे घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी आज शुरुआत से ही ऊपर बना रहा और अंत में 132.25 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 23,989.15 अंक पर बंद हुआ। यह इसका 25 मई के बाद का उच्चतम स्तर है। वृहत बाजार में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.60 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.42 प्रतिशत मजबूत हुआ। रियल्टी, आईटी, एफएमसीजी,




वित्त, मीडिया, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांकों में तेजी रही। वहीं, धातु, ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,416 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,955 के शेयर हरे निशान में और 1,355 के लाल निशान में रहे। अन्य 106 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित रहे सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 में तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 3.59 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर और बजाज फिनसर्व तीनों के शेयर 2.10 प्रतिशत की बढ़त में रहे। टीसीएस का शेयर 1.72 फीसदी, बजाज फाइनेंस का 1.70, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.59, टेक महिंद्रा का 1.45, आईटीसी का 1.32, टाइटन का 1.29, एचडीएफसी बैंक का 0.96 और अडानी पोर्ट्स का 0.95 प्रतिशत चढ़ा। भारती एयरटेल, इंफोसिस, इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और एलएंडटी के शेयर भी ऊपर बंद हुए। मारुति सुजुकी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक और सन फार्मा में गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.13 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। हांगकांग का हैंग सेंग 1.40 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.67 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.55 प्रतिशत ऊपर था।

**Gyan Ganga**
**Institute of Technology & Sciences**

**CALL FOR JUNIOR RESEARCH FELLOWS (JRF)**

**1. JRF - PHARMACY (1 Post)**
**Project :-** MPCST Sponsored Preparation and Characterization of anti cancer drug loaded Liposomes for the treatment of Breast Cancer
**Eligibility :-** B.Pharm/M.Pham with First Class

**2. JRF - ELECTRONICS (1 Post)**
Electronics and Communication Engineering
**Project :-** MPCST Sponsored AI- Based speech signal processing system for early detection of Neurological Disorder.
**Eligibility :-** B.Tech. in EC (GATE qualified preferrd)
Tenure : 1 Years (Extendable)

**Fellowship:** Rs. 20000/- month (as per MPCST norms)
**How to Apply:** Email your detailed resume & certificates to
**hr@ggits.org on or before 20th June 2026**
*Note Only short-listed candidates will be notified for the interview*

**Bargi Hills, Tilwaraghat Road, Jabalpur (M.P.) - 482003**




165 आवेदनों पर कार्यवाही के दिए निर्देश

## कलेक्टर की जनसुनवाई में लगा शिकायतों का अंबार

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों से कुल 165 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 35 दोबारा आए आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में आए अधिकांश आवेदन अतिक्रमण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार, धान का भुगतान, अवैध कब्जा, बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड, पंचायत निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की जांच, सर्पदंश सहायता राशि, अनुकंपा नियुक्ति, अवैध कब्जा, छात्रवृत्ति, स्कूल में प्रवेश, संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता, पीएम आवास, आपसी विवादए आर्थिक सहायता तथा भूमि डायवर्सन से संबंधित थे। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन की अनोखी पहल

## सरकारी वाहन छोड़ अधिकारियों ने किया ट्रैवलर में सफर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित जबलपुर प्रवास के मद्देनजर मंगलवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय एवं निगमायुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थलों के निरीक्षण के लिए अपने-अपने सरकारी वाहनों के बजाय ट्रैवलर वाहनों का इस्तेमाल किया। दो ट्रैवलर वाहनों में कलेक्टर एवं एसपी सहित नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित एसडीएम एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एक साथ कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचे।





# नगर निगम की 'सेहत' पर भारी प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी





आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर हुई कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नगर निगम में प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी (बाबू) के पद पर पदस्थ पोला राव के घर मंगलवार को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की टीम ने दबिश दी। बताया जा रहा है कि आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिलने के बाद कोर्ट से सर्च वारंट लेकर यह कार्यवाही की गई है। जिसके बाद अब तक की जांच में अधिकारी की 2.5 करोड़ की संपत्ति उजागर हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से आंध्रप्रदेश निवासी पोला राव वर्तमान में सिविल लाइन स्थित नगर निगम स्वास्थ्य कार्यालय में पदस्थ हैं। प्रारंभिक जांच में ईओडब्ल्यू को जबलपुर में उनके नाम एक फ्लैट और लगभग 10 हजार वर्गफुट का प्लॉट मिलने की जानकारी मिली है।

### बैंक खातों की जांच जारी

इस मामले में ईओडब्ल्यू के डीएसपी मनजीत सिंह ने बताया कि जांच के दौरान आंध्रप्रदेश में लगभग एक एकड़ कृषि भूमि होने के दस्तावेज भी सामने आए हैं। इसके अलावा 15 से 16 लाख रुपए कीमत के 4 दोपहिया वाहन और एक 4 पहिया वाहन भी मिले हैं। कार्यवाही के दौरान ईओडब्ल्यू की टीम ने बैंक खातों, बीमा पॉलिसियों और नकद लेन-देन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए हैं। फिलहाल सभी संपत्तियों और निवेश का मूल्यांकन किया जा रहा है तथा आय और संपत्ति के बीच अंतर का आकलन किया जा रहा है।

### राडार पर बहन और बहनोई

डीएसपी मनजीत सिंह के अनुसार पोला राव की बहन और बहनोई भी जबलपुर में रहते हैं। उनका मकान नजूल भूमि पर बना होना बताया जा रहा है, जिसकी भी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में पोला राव के पास नगर निगम के वार्ड क्रमांक 6, 8, 9 और 10 का प्रभार है। ईओडब्ल्यू अधिकारियों का कहना है कि देर शाम तक जांच के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि पोला राव कुल कितनी संपत्ति के मालिक हैं और उनकी आय के मुकाबले संपत्ति कितनी अधिक है।

# जमकर फंसा पेंच: राष्ट्रपति का आगमन और नीट परीक्षा एक ही दिन

### कार्यक्रम स्थल क्षेत्र तरफ बने 6 परीक्षा केंद्र, आवागमन में होगी परेशानी




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आगामी 21 जून को रादुविवि में आयोजित होने जा रहे दीक्षांत समारोह में शामिल होने भारत की राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू का नगर आगमन हो रहा है। इसी बीच 21 जून को ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट-2026 की दोबारा परीक्षा आयोजित की जा रही है। ऐसे में सिविल लाइन्स से लेकर डुमना तक बने परीक्षा केंद्रों में पहुंचने के लिए परीक्षार्थियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है। बताया जा रहा है कि

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा रविवार 21 जून को आयोजित की जा रही री-नीट-2026 परीक्षा के लिए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एवं डुमना एयरपोर्ट के आस पास बनाये गये 6 परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश मार्गों पर परीक्षार्थियों एवं परीक्षा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों कर्मचारियों को प्रवेश पत्र और परिचय पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि 21 जून को ही रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और इसमें महामहिम राष्ट्रपति का शामिल होना प्रस्तालवित है। इसके मद्देनजर सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित यातायात को देखते हुए सामान्य जनों का इस क्षेत्र में आवागमन प्रतिबंधित रह सकता है। इस स्थिति को देखते हुए री-नीट के परीक्षार्थियों एवं परीक्षा से संबंधित स्टाफ को उनके वैध परिचय पत्र अथवा प्रवेश पत्र के आधार पर ही परीक्षा समय के दौरान प्रवेश दिया जा सकेगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षार्थियों एवं परीक्षा से संबंधित स्टाफ को परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से अपना प्रवेश पत्र और परिचय पत्र साथ रखने की सलाह दी गई हैए ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### मजिस्ट्रेट किए गए नियुक्त

परीक्षा के सुचारू संचालन और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के आस पास के इन छह परीक्षा केंद्रों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी भी लगाई गई है। इनमें पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, सीएमएम जबलपुर केंद्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी, कुण्डम को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त शासकीय विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के लिए संयुक्त कलेक्टर नदीमा शीरी को, धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, आईआईआईटीडीएम और डुमना एयरपोर्ट रोड स्थित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट जबलपुर केंद्रों की सुरक्षा एवं पर्यवेक्षण हेतु संयुक्त कलेक्टर पुष्पेन्द्र अहके को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।



## सब जेल सिहोरा में योग सप्ताह का हुआ प्रारंभ

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में 15 जून से 21 जून तक आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशन में मध्यप्रदेश की समस्त जेलों के साथ सब जेल सिहोरा में भी योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बंदियों एवं जेल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम के दौरान जबलपुर केंद्रीय जेल से ऑनलाइन योग प्रशिक्षक द्वारा योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया जा रहा है। बंदियों को योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, तनाव एवं नकारात्मक विचारों को कम करने तथा सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित करने के संबंध में जानकारी दी गई। जेलर दिलीप नायक ने बताया कि जेल में नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम किया जाता है। योग सप्ताह के दौरान प्रतिदिन योगाभ्यास, स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां तथा प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# घुटने टेककर कलेक्टर के सामने रो पड़ीं मां-बेटी

### बदमाशों के खौफ में जी रहा परिवार, कलेक्टर ने दिया आश्वासन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

बदमाशों से परेशान एक मां और उनकी बेटी को कलेक्टर के सामने घुटनों के बल बैठकर मदद की गुहार लगानी पड़ी। दरअसल यह मामला घमापुर थाना क्षेत्र के शीतलामाई इलाके का है, जहां रहने वाली पूजा दुबे और उनकी बेटी ने मंगलवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के सामने हाथ जोड़कर आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। जनसुनवाई में पहुंची पीड़िता पूजा दुबे का कहना है कि उनका परिवार पिछले 4 साल से क्षेत्र के रहने वाले हनी बेन और उसके परिवार की प्रताड़ना झेल रहा है। पूजा के मुताबिक फरवरी 2022 में हनी बेन ने खुद को मिश्रा



बताकर उनकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी से दोस्ती की और फिर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। बेटी के लापता होने के बाद परिवार ने पुलिस के कई चक्कर लगाए, लेकिन शुरुआत में कोई मदद नहीं मिली। बाद में जानकारी मिली कि बेटी को गढ़ाकोटा (सागर) ले जाया गया है। इसके बाद एसपी से शिकायत की गई, तब पुलिस सक्रिय हुई और 2 दिन बाद नाबालिग को बरामद कर परिवार को सौंपा गया। उस समय आरोपी के खिलाफ कार्यवाही हुई और उसका जुलूस भी निकाला गया, लेकिन उसी दिन उसे कोर्ट से जमानत मिल गई। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें बार-बार प्रताड़ित करना चालू कर दिया। मंगलवार को जब कलेक्टर राघवेंद्र सिंह जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत के साथ बैठक के लिए निकल रहे थे, तभी मां-बेटी उनके पास पहुंचीं और रोते हुए पूरी आपबीती सुनाई। इस दौरान बेटी कलेक्टर के सामने घुटनों के बल बैठ गई और सुरक्षा की गुहार लगाई। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घमापुर थाना प्रभारी को आरोपियों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है।

# करंट की चपेट में आए 2 आउटसोर्स लाइन कर्मी

### तकनीकी कर्मचारी संघ ने इलाज के लिए उठाई सहायता की मांग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर ओएंडएम सर्किल के जबलपुर ग्रामीण संभाग में दो आउटसोर्स लाइन कर्मी करंट लगने से झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मप्र विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 14 जून को जबलपुर ग्रामीण सर्किल की भेड़ाघाट डीसी के अंतर्गत सहजपुर में एलटी लाइन पर पेड़ की डगाल गिरने से टूट गई थी, जिसके सुधार के लिए जूनियर इंजीनियर विपिन यादव के द्वारा निजी ठेका कंपनी जीए डिजिटल के माध्यम से नियोजित आउटसोर्स कर्मी प्रदीप कछवाहा,



रोहित पटेल, धर्मेंद्र एवं हरिओम को भेजा था। चारों कर्मी जब सुधार कार्य कर रहे थे, उसी दौरान लाइन में करंट आने से प्रदीप कछवाहा और रोहित पटेल उसकी चपेट में आकर झुलस गए। दोनों कर्मियों के हाथ वो पैर में गंभीर चोट पहुंची है, लेकिन अभी तक न तो ठेका कंपनी जीए डिजिटल ने और न ही बिजली कंपनी ने इलाज के लिए सहायता राशि दी है। संघ के मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, विनोद दास आदि ने कार्यपालन अभियंता से दोनों आउटसोर्स कर्मियों को इलाज करने के लिए सहायता राशि देने की मांग की है।

# एसपी ऑफिस में लड़ पड़ी महिलाएं एक दूसरे को किया लहूलुहान

### जनसुनवाई के दौरान हुई घटना जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एसपी ऑफिस में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 2 महिलाएं आपस में भिड़ गईं। दोनों के बीच मारपीट इस कदर बढ़ी की दोनों ने एक-दूसरे को जमीन पर पटक दिया। यहां तक नाखून से खरोंचकर एक दूसरे को लहुलूहान कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और लोगों ने उनको अलग कराया। जिसके बाद मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाने की पुलिस ने दोनों महिलाओं को थाने लेकर चली गई। इस मामले में एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया



कि खुद को यूट्यूब पत्रकार बताने वाली विद्या रैकवार का पिंकी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पुलिस जांच में जुट गई है। दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इस मामले में कैंट निवासी महिला पिंकी ने बताया कि खुद को पत्रकार बताने वाली विद्या रैकवार नाम की महिला उसे बहुत दिन से परेशान कर रही है। जिसकी शिकायत लेकर वह एसपी ऑफिस पहुंची थी। यहां विद्या पहले से मौजूद थी। जिसने देखते ही उसके बच्चों को गाली देना शुरू कर दिया। मना करने पर मारपीट करने लगी। अब तक की जांच में सामने आया है कि इससे पहले भी दोनों का विवाद हो चुका है। जिसकी शिकायत गढ़ा थाने में की गई थी। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पुणे जाने जबलपुर को मिली एक और ट्रेन, आज दिखाई जाएगी हरी झंडी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** देश के मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के यात्रियों को तोहफा देने के लिए भारतीय रेलवे एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, बुधवार 17 जून को हडपसर रेलवे स्टेशन से नई पुणे-दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस नई ट्रेन सेवा के शुरू होने से महाराष्ट्र से पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश ,झारखंड और बिहार के बीच कनेक्टिविटी स्थापित होगी। अमृत भारत एक्सप्रेस में कुल 18 एलएचबी कोच लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से इसमें भारतीय रेलवे की स्वदेशी एंटी-कोलिजन तकनीक कवच सिस्टम इंस्टॉल किया गया है। समय-सारिणी के अनुसार, गाड़ी संख्या 11431 पुणे-दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को दोपहर 15:30 बजे पुणे से रवाना होगी और सोमवार को रात 01:30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 11432 दानापुर-पुणे अमृत भारत एक्सप्रेस हर सोमवार को तड़के 03:30 बजे दानापुर से खुलकर मंगलवार सुबह 11:05 बजे पुणे पहुंचेगी। यह ट्रेन अपने रूट पर दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड, भुसावल, खंडवा के साथ-साथ पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर और सतना स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए प्रयागराज छिवकी और आरा के रास्ते चलेगी।






# सफल स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के निर्माण की आधारशिला है 'स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण'

### हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में 3 दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में विद्यार्थियों एवं फैकल्टी सदस्यों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए बिल्डिंग री-साइलेंट हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन प्रख्यात मनोवैज्ञानिक एवं प्रशिक्षक जस के भाटिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बीडीएस एवं एमडीएस विद्यार्थियों तथा फैकल्टी सदस्यों में भावनात्मक सुदृढ़ता, मानसिक स्वास्थ्य, आत्म-जागरूकता एवं व्यक्तिगत विकास को प्रोत्साहित करना था।



कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास वृद्धि, सकारात्मक संवाद कौशल तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराया गया।

### इंटरैक्टिव सत्रों, समूह चर्चाओं का हुआ आयोजन

इंटरैक्टिव सत्रों, समूह चर्चाओं एवं विभिन्न मनोवैज्ञानिक आकलनों के माध्यम से प्रतिभागियों को स्वयं को बेहतर ढंग से समझने तथा अपनी क्षमताओं को विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि एक स्वस्थ एवं सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण ही सक्षम, संवेदनशील एवं सफल स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के निर्माण की आधारशिला है।

महाविद्यालय प्रशासन ने इस पहल को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मज़बूत मन, सक्षम प्रोफेशनल्स और स्वस्थ शैक्षणिक समुदाय के निर्माण की दिशा में हितकारिणी डेंटल कॉलेज निरंतर प्रयासरत है।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**